संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 09 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 240 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



मुख्यमंत्री योगी ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की पवित्र मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी।

## फास्ट न्यूज

### उत्तर कोरिया ने परमाणु पनडुब्बी का अनावरण किया

**सियोल:** उत्तर कोरिया ने अपनी नवनिर्मित सामरिक पनडुब्बी का अनावरण किया है। यह पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है। इस मौके पर राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरोध को और मजबूत करने का संकल्प लिया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बुधवार को आयोजित पनडुब्बी के अनावरण समारोह में उत्तर कोरिया कई नेताओं ने भाग लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पनडुब्बी को हीरो किम कुन ओके नाम दिया गया है। किम ने कहा है कि यह हमारी हमारी शक्ति का प्रतीक है। इस देखकर दुश्मनों की रूह कांप जाएगी। उन्होंने यह संकेत दिया कि इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी परमाणु संचालित पनडुब्बियों का मुकाबला करना है। यह पनडुब्बी 10 मिसाइल ट्यूब से सुसज्जित है।

### सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण अधिसूचित किया

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण को अधिसूचित कर दिया है। सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण के तहत 55 जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही अनिवार्य हॉलमार्किंग के तहत शामिल जिलों की कुल संख्या बढ़कर 343 हो गई है।

# 'भारत-यूएस के रिश्ते होंगे मजबूत'

## जी 20: अमेरिकी राष्ट्रपति सीधे पहुंच नरेन्द्र मोदी के आवास, हुई द्विपक्षीय बातचीत

**द्विपक्षीय बैठक**

**8 पीएमओ ने जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि मोदी और जो बाइडेन ने नई दिल्ली में बातचीत की**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी-20 शिखर सम्मेलन मं भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे अमेरिकी प्रधानमंत्री जो बाइडेन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आवास पर औपचारिक स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ अपने आवास (7, लोक कल्याण मार्ग )पर द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मुलाकात की जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जो बाइडेन ने नई दिल्ली में बातचीत की। उनकी चर्चा में कई तरह के मुद्दे शामिल हैं और इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध और गहरे होंगे। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए शुक्रवार को भारत पहुंचे। जी-20 के दौरान वह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाले मुद्दों पर अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। यात्रा के दौरान बाइडेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत पहुंचने पर हवाई अड्डे पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने उनका स्वागत किया।

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी भी अपनी बेटी के साथ इनसेंट एयरपोर्ट पर मौजूद थे। राष्ट्रपति बाइडेन ने गासेर्टी से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री के साथ भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने संक्षिप्त बातचीत की।

अमेरिकी राष्ट्रपति के नर्तकों के उस समूह का भी उत्साहवर्धन किया, जिन्होंने उनके स्वागत में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया था।

### सीतारमण ने अमेरिकी वित्त मंत्री के साथ की द्विपक्षीय बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में शुरू हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान जी-20 की प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ यहां मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों के बारे में दोनों लोकतंत्रों के बीच जी-20 की शीर्ष प्राथमिकताओं और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण ने नाइजीरिया के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री अदेबायो ओलावाले एडुन और नाइजीरिया के बजट एवं राष्ट्रीय योजना मंत्री अबुबकर अतीकू बागुडु के साथ भी बैठक की। इन मंत्रियों ने कई क्षेत्रों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की।

### नई दिल्ली घोषणापत्र विकासशील देशों की आवाज होगा: कांत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से संबद्ध नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की आवाज होगा। इसे तैयार कर लिया गया है। इसे वैश्विक नेताओं के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा। सर्वसम्मति बनने के बाद इसे जारी किया जाएगा। प्रगति मैदान में स्थापित अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में अमिताभ कांत ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप भारत ने जी-20 अध्यक्षता के दौरान इसे समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों को प्राथमिकता मिले और उन्हें अपने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सहयोग प्राप्त हो।

## उपचुनाव: भाजपा ने जीती 3 सीटें, 4 पर विपक्षी गठबंधन



**नतीजे**

**8 उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने बाजी मारी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के 6 राज्यों** की 7 विधानसभा सीटों पर 5 सितंबर को हुए उप चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए। नतीजों के मुताबिक भाजपा तीन सीटें जीतने में कामयाब हुई जबकि विपक्षी गठबंधन (आईएनडीए) में शामिल कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और झामुमो एक-एक सीट जीतने में सफल रहे।

**भाजपा (3 सीटें)**

**धनपुर विस सीट:** सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा के खाते में आई तीन सीटों में त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट शामिल है। त्रिपुरा की धनपुर सीट पर भाजपा ने अपना कब्जा बरकरार रखा। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार बिंदुदेव नाथ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी माकपा उम्मीदवार कौशिक देबनाथ को 18871 मतों से पराजित किया।

**कांग्रेस (1) पुथुपल्ली विस सीट:** उप चुनाव में कांग्रेस के खाते में एक सीट आई है। केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के बेटे चांडी ओमान ने जीत दर्ज की। उन्होंने माकपा उम्मीदवार जैक सी थॉमस को 37719 मतों से हराया। यह सीट राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन के बाद रिक्त हुई थी।

**समाजवादी पार्टी (1) घोसी विस सीट:** उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने बाजी मारी। सुधाकर सिंह ने भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान को पराजित किया। दारा सिंह चौहान ने 2022 में सपा के टिकट पर इस सीट से चुनाव जीता था लेकिन विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद इस सीट पर उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया था।

**तृणमूल कांग्रेस (1) धुपगुड़ी विस सीट:** पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से छीन ली है। भाजपा विधायक बिष्णु पांडे के निधन से खाली हुई इस सीट पर हुए उप चुनाव में टीएमसी के निर्मल चंद्र रॉय ने भाजपा की तापसी रॉय को 4313 मतों से हराया। इस सीट पर माकपा प्रत्याशी ईश्वर चंद्र रॉय की जमानत जब्त हो गई।

**झामुमो (1) डुमरी विस सीट:** झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट पर जीत के साथ सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपना कब्जा बरकरार रखा।



# जी-20 शिखर सम्मेलन पर पुलिस की नजर

## दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रख रही, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर कई तरह की अफवाह फैलाई जा रही













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा की है। दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रख रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर कई तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। असामाजिक तत्व जी20 शिखर सम्मेलन में बाधा उत्पन्न करने और देश को बदनाम करने के लिए अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में कुछ सोशल मीडिया हैंडलर के द्वारा चेहल्लुम के पुराने वीडियो को वायरल करके उसे जी20 के विरुद्ध किया जा रहा धार्मिक प्रदर्शन बताया जा रहा है। इसलिए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि न तो खुद अफवाह फैलाएं और न ही अफवाह के चक्कर में पड़े।

**लोगों को आगाह भी कर रही है पुलिसः** दिल्ली पुलिस की ओर से आम लोगों को सूचित किया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर कानून व्यवस्था के सामने चुनौती पैदा करना चाहते हैं। इसलिए ऐसे लोगों और उनकी सोशल मीडिया पर की जा रही पोस्ट से सावधान रहने की जरूरत है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने कहा है कि जी20 में बाधा डालने और सरकार को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया जा रहा है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की टीम सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी कर रही है। पकड़े जाने पर आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**खालिस्तान समर्थक बन सकते हैं मुसीबतः** पिछले माह जिस तरह से खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के कहने पर राजधानी दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए थे, उसे लेकर भी दिल्ली पुलिस सतर्क है। पुलिस की टीम किसी भी संदिग्ध व्यक्ति और उसकी हरकतों की पहचान करके उन पर कार्रवाई के लिए तैयार है। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इस मामले में किसी भी तरह के लापरवाही न हो।

**सड़कों पर सन्नाटाः** जी-20 को लेकर यातायात पर लगाए गए विभिन्न तरह के प्रतिबंधों के कारण रोजाना की अपेक्षा सड़कों पर काफी सन्नाटा है। राजधानी दिल्ली के ऑफिस में छुट्टी होने के कारण दिल्ली मेट्रो और डीटीसी की बसों में भी सवारियों की संख्या काफी कम थी। जिन सड़कों पर रोजाना जाम लगता था, उन पर भी गाड़ियां नहीं देखी जा रही है।





**रोड़ खाली व मार्केट बंद** : नई दिल्ली जिले के गोल मार्केट, कनाट प्लेट, बराखंबा, आरके आश्रम, करोल बाग, वसंत विहार, जेएनयू, पालम, एरोसिटी, दिल्ली कैंट, आईटीओ और चाणक्यपुरी समेत कई इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर दीपेन्द्र पाठक ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली पुलिस सुरक्षा इंतजाम किए है। पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बल पर चप्पे-चप्पे पर तैनात है। लॉ एंड ऑर्डर का पर्याप्त, मजबूत, रणनीतिक और स्मार्ट इंतजाम किया गया है। सभी चीजों का आकलन करके ये इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस यह भी देख रही है कि कानून व्यवस्था का पालन करने के साथ लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए। सुरक्षा जांच के दौरान लोगों को परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

**झुग्गियों पर डाला गया पर्दा** : जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए झुग्गियों वाले इलाकों में हरे व सफेद रंग के पर्दे लगाकर उन्हें कवर किया है। पर्दों के ऊपर जी20 शिखर सम्मेलन का बोर्ड लगाया गया है।

### तिब्बती शर￿ार्थियों के प्रदर्शन की आशंका से मजनू का टीला में पुलिस का कड़ा पहरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तिब्बती** शरणार्थियों के प्रदर्शन की आशंका के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने मजनू का टीला क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। वजह यह है कि हर अंतरराष्ट्रीय आयोजन के समय अपनी बात विश्व तक पहुंचाने के लिए दिल्ली में तिब्बती शरणार्थी प्रदर्शन करने की कोशिश करते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर पूरी चौकसी बरती जा रही है। तिब्बती शरणार्थी तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे को और वहां हुए नरसंहार को हर ऐसे मौके पर दुनिया को बताने का मौका नहीं चूकते। जानकारों का कहना है कि भारत में इन लोगों को शरण दी गई है पर उन्हें नीतिगत तौर पर



राजनीतिक प्रदर्शन की छूट नहीं है। वैसे भी जी-20 के मद्देनजर हर प्रकार के प्रदर्शन पर रोक है। इसलिए दिल्ली पुलिस का यह अच्छा कदम है।

## जी20: अर्धसैनिक बल, 40 डीसीपी की तैनाती... राष्ट्राध्यक्षों को एयरपोर्ट से पहुंचाया गया होटलों तक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** की बैठकों में शामिल होने के लिए विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुक्रवार को पूरे दिन चला। इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर नई दिल्ली जिले में पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। मेहमानों के कारकेड एयरपोर्ट से सीधे उनके ठहरने वाले स्थान तक सुरक्षित पहुंचाए गए। इस दौरान कारकेड के गुजरने के दौरान चौराहों आदि पर यातायात रोका गया। पांच से 10 मिनट तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात रोका गया, हालांकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम था, इससे जाम की स्थिति नहीं बनी, लेकिन यातायात रोके जाने से वाहन चालक परेशान हुए।

**कड़े बंदोबस्त**

**इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर नई दिल्ली जिले में पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे**

**10 मिनट तक रोका गया यातायातः** एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन से धौला कुआं की ओर जाने वाले मार्ग पर कारकेड गुजरने के चलते पांच से 10 मिनट तक के लिए यातायात रोका गया। पालम एयरपोर्ट से धौला कुआं आने वाले मार्ग पर जगह-जगह दिल्ली पुलिस, अर्धसैनिक बल व अन्य सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती रही। इस मार्ग पर सुरक्षाकर्मियों को धूप से बचाने के लिए छतरियां इत्यादि लगाई गईं हैं। महिपालपुर से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग, धौला कुआं इलाके में भी सड़कों, फ्लाईओवर पर बैरिकेड के साथ दिल्ली पुलिस समेत अन्य सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।

## जी-20: साहित्य अकादमी ने 'अंडर द सेम स्काई' कविता संचयन का किया प्रकाशन

### जी-20 के 19 देशों और 9 आमंत्रित देशों की कविताएं शामिल, भारत से रवींद्रनाथ टैगोर की गीतांजलि पुस्तक से गीत का चयन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने साहित्य अकादमी के सहयोग से कविता संचयन का प्रकाशन किया है। 'अंडर द सेम स्काई नाम से प्रकाशित इस संचयन में जी-20 के 19 सदस्य देश और नौ आमंत्रित देशों की कविता संकलित हैं। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने शुक्रवार को बताया कि प्रख्यात भारतीय कवि, अनुवादक और निबंधकार रंजीत होसकोटे द्वारा संपादित यह कविता संचयन विभिन्न स्थानों, शैलियों, पीढ़ियों और इतिहास से जुड़े 29





कवियों को एक साथ एक मंच पर लाता है। इस संचयन में एक कविता ऐसी है जिसे दो कवियों ने लिखा है। दुनिया की 17 भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते इस संचयन में बांग्ला, पुर्तगाली, स्पेनिश, अंग्रेजी, फ्रेंच, चीनी, स्लोवेनियाई, जर्मन, जापानी, कोरियाई, रूसी, अरबी, ज़िट्सोंगा, तुर्की, बहासा इंडोनेशिया, डच और बहासा मेलायु भाषाओं की कविताएं अपनी मूल भाषा में अंग्रेजी अनुवाद के साथ शामिल हैं। जिन कवियों की कविताएं इसमें प्रस्तुत की गई हैं वे अपने-अपने देश और वहां की साहित्यिक परंपराओं के दिग्गज हैं। संचयन में कुछ युवा, समकालीन कवि भी शामिल हैं जिनकी रचनाएं वैश्विक वर्तमान की तात्कालिकता की गवाही देती हैं। डॉ. श्रीनिवासराव ने बताया कि इस पुस्तक में प्रत्येक देश की एक कविता को चुना गया है। भारतीय कवि के रूप में रवींद्रनाथ टैगोर की गीतांजलि से 35 नंबर का गीत लिया गया है। जिन कवियों और अनुवादकों ने इस खंड में योगदान दिया है, वे भौगोलिक दृष्टि से, पृथ्वी के सभी छह बसे हुए महाद्वीपों- एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका से संबंधित हैं और एक पृथ्वी, एक परिवार एवं एक भविष्य की थीम का सच्चा प्रतिनिधित्व करते हैं।

**संकलित**

**इस संचयन में जी-20 के 19 सदस्य देश और नौ आमंत्रित देशों की कविता संकलित हैं**

## जी-20: भारतीय सेना ने दिल्ली के तीन अस्पतालों को अपने कब्जे में लिया

### सेना का बम निरोधक दस्ता आयोजन स्थल से लेकर हवाई अड्डे तक तैनात, वायु सेना के हेलीकॉप्टर राजधानी के 23 होटलों की कर रहे हैं हवाई निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** शिखर सम्मेलन के मद्देनजर भारतीय सेना ने दिल्ली के तीन अस्पतालों को अपने कब्जे में लिया है, ताकि जरूरत पड़ने पर दिल्ली आये विदेशी मेहमानों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके। सेना ने अपने आर्मी रिसर्च ऐंड रेफरल अस्पताल को स्टैंडबाय पर रखा है। इसके अलावा जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय सेना का बम निरोधक दस्ता आयोजन स्थल से लेकर हवाई अड्डे तक तैनात किया गया है।

**करीब 500 वीवीआईपी कारों का काफिला भी दिल्ली लाया गयाः** दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेताओं और नौ अन्य आमंत्रित देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ 1200 वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स दिल्ली में इकट्ठा हो रहे हैं। इसके अलावा इन 29 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ करीब एक लाख सिक्यूरिटी स्टाफ और द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भी अपने-अपने राष्ट्राध्यक्षों या वरिष्ठ राजनयिकों के साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं। विदेशी मेहमानों में कनाडा, फ्रांस, अमेरिका, चीन, रूस से करीब 500 वीवीआईपी कारों का



काफिला भी दिल्ली लाया गया है, जिसमें 50 कारों का काफिला अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति का है। विदेशी मेहमानों के ठहरने के लिए राजधानी के 23 पांच या सात सितारा होटलों को पहले से ही बुक कर दिया गया है। इनमें आम लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इन सभी होटलों की जमीन से लेकर आसमान तक से निगरानी की जा रही है।

**अमेरिकी प्रेसिडेंट सुइट का एक दिन का किराया आठ लाख रुपयेः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को ठहराने के लिए आईटीसी मौर्या की तीन मंजिल को उनके सर्विस सीक्रेट एजेंटों ने दो दिन पहले से ही अपने कब्जे में ले रखा है। होटल की तीसरी मंजिल पर बाइडन ठहरेंगे, लेकिन अमेरिकी प्रेसिडेंट के नीचे और उसके ऊपर वाले फ्लोर पर उनके सुरक्षाकर्मियों के अलावा कोई और नहीं ठहर सकता। होटल के प्रेसिडेंट सुइट का एक दिन का किराया आठ लाख रुपये है। बाइडन के होटल वाले कमरे की हर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को सर्विस सीक्रेट एजेंटों ने हटाकर अपनी डिवाइस लगाई है। कमरों की खिड़कियों को बुलेट प्रूफ बना दिया गया है।

### सेना की तीन ब्रिगेड के लगभग 6000 कर्मचारी तैनात

**चारों** अस्पतालों में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित टीमों को सेना की विशेषज्ञ कोर ऑफ इंजीनियर्स टीमों का भी सहयोग मिलेगा। इसके अलावा जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय सेना का बम निरोधक दस्ता आयोजन स्थल से लेकर हवाई अड्डे तक तैनात किया गया है। इसमें तीन ब्रिगेड के लगभग 6000 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा कर्मियों को अत्याधुनिक हथियार दिए गए हैं। सेना ने अज्ञात स्थल पर एक गोदाम बनाया है, जहां पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद, बुलेट्स का भंडार रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर कमी न हो। होटलों से लेकर भारत मंडपम तक के रूट को कई ब्लाक में बांटकर सुरक्षा की तैयारियां की गई हैं।

**दिल्ली के 35 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाः** जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजन स्थल के आसपास दिल्ली के 35 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली पुलिस के 60 हजार जवान, अर्ध सैनिक बल, एनएसजी और सीआरपीएफ के कमांडो को तैनात किया गया है। परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिए आयोजन स्थल के आसपास की ऊंची इमारतों पर एयरक्राफ्ट एंटी गनों को तैनात किया गया है। इसके अलावा 40 हजार से ज्यादा सीसीटीवी, चेहरे को पढ़ने वाले कैमरे, पुलिस और कमांडो के स्नाइपर्स, खोजी कुत्तों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। प्रगति मैदान के पास हाल ही में बनी टनल को आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद करके सुरक्षा घेरे में लिया गया है।

**अस्पतालों में सभी राष्ट्राध्यक्षों के लिए अलग-अलग कमरे बुकः** इन सब सुरक्षा व्यवस्थाओं के बावजूद किसी भी आतंकवादी घटना या अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली के एम्स, सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया अस्पताल को 24 घंटे के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## सनातन पर मचा घमासान: पीयूष गोयल व कपिल मिश्रा का पलटवार, मिलेगा करारा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि द्वारा सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी के खिलाफ सोशल मीडिया पर घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने सनातन धर्म पर हमले के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने उदयनिधि का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि तमिलनाडु में आईएनडीआई एलायंस के नेताओं द्वारा सनातन धर्म पर तीव्र मौखिक हमलों की श्रृंखला संविधान के प्रति उनकी जन्मजात उपेक्षा से उत्पन्न हुई है। यह उस विश्वास प्रणाली के प्रति उनकी गहरी नफरत को दर्शाता है जो हमारे देश का आधार है। हमारे देश के लोग जिन्होंने सनातन धर्म के सिद्धांतों को कायम रखा और उसकी निरंतरता को कायम रखा, वे जागृत हो चुके हैं। वे इस विभाजनकारी और सांप्रदायिक एजेंडे को चलाने वालों को करारा जवाब सुनिश्चित करेंगे। दिल्ली प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने सोशल साइट एक्स पर लिखा- स्टालिन नाम रूस से लिया, धर्म रोम से लिया और गाली सनातन को देने लगे। अपने एक ट्वीट को रि-पोस्ट करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने कालिया नाग के फन का मर्दन किया था वैसे ही भारत की जनता सनातन विरोधियों का मर्दन करेगी। इस विवाद को लेकर एक ट्वीटर हैंडल वेदीजा से लिखा गया है- विडंबना है कि तमिलनाडु के मंदिरों को प्रतिवर्ष 40 से 70 हजार करोड़ की आय होती है और मंदिरों पर महज साढ़े तीन लाख खर्च होता है, फिर भी सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा है।

# 'डीसीआरयूएसटी को 100 रैंकिंग में शामिल करना होगा लक्ष्य'

**पद संभाला**

उनका फोकस रिसर्च पर रहेगा। विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाएं ए क्लास की होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**दीनबंधु** छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के नवनियुक्त कुलपति प्रो.एस.पी.सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ की 100 रैंकिंग में शामिल कराना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उनका फोकस रिसर्च पर रहेगा। विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाएं ए क्लास की होनी चाहिए। नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंजीनियरिंग के प्रो.एस.पी.सिंह ने वीरवार को विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही बीआर अंबेडकर लॉ विश्वविद्यालय की कुलपति डा.अर्चना मिश्रा, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो.सुजाता सिंह, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग भारत सरकार के सदस्य डा.योगेंद्र मलिक,रजिस्ट्रार डा.सुरेश कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो.आर.सी.नौटियाल,ललन सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा.एम.एस. धनखड़, प्रो.मनोज दूहन, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.सुखदीप सिंह , डा.वेद पाल आर्य, प्रो.ए.के.सिंह, प्रो.एस.के.अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कुलपति प्रो.सिंह ने विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता व विभागाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसंधान व नवाचार पर उनका फोकस रहेगा। किसी भी



विश्वविद्यालय की पहचान वहां पर हो रहे अनुसंधान व नवाचार से होती है। इसलिए हमारा फोकस इस पर रहेगा। उन्होंने कहा कि डीसीआरयूएसटी प्रदेश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, लेकिन अब हम सबको मिलकर इसे देश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय बनाना होगा। पहला लक्ष्य एनआईआरएफ की 100 रैंकिंग में विश्वविद्यालय को शामिल कराना रहेगा। कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि ए वन जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित करने वाली फैकल्टी को अवार्ड भी दिया जाएगा, इससे रिसर्च को बढावा मिलेगा, जिसका लाभ हमारे शोधार्थियों और विद्यार्थियों को भी होगा। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता व विभागाध्यक्षों की प्रेजेंटेशन ली जाएगी, जिसमें विभाग ने पूर्व में क्या किया है तथा भविष्य में किसी प्रकार की योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं को ए क्लास बनाना होगा, अगर हमारी प्रयोगशालाएं ए क्लास की होंगी तभी हमारी रिसर्च में गुणवत्ता आएगी। विभागाध्यक्ष प्रयोगशाला को ए क्लास बनाने का कोई भी प्रस्ताव विद्यार्थियों के हित में लेकर आएंगे तो उसे रोका नहीं जाएगा। । कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की क्लास मिस नहीं होनी चाहिए। शिक्षा देना हमारा दायित्व है तथा हमें अपने दायित्व का अच्छी प्रकार से निर्वहन करना चाहिए, जिसके लिए हमें प्रतिमाह वेतनमान भी मिलता है। प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने 1990 में बी.ई. की उपाधि एमएमएम इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग की प्राप्त की। में डिग्री की। आरईसी, कुरुक्षेत्र, भारत से एम.टेक. 1994 में डिग्री प्राप्त की।

# मिशन-2024: 4400 युवा विस्तारक उतरेंगे फील्ड में: डा. संजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनाव में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाने में जुट गई है। मिशन-2024 को फतह करने के लिए बीजेपी हरियाणा के 4400 युवा (अल्पकालीन विस्तारक) सात दिनों के लिए फील्ड में उतरेंगे और चुनाव परिणाम को बीजेपी के पक्ष में करने की प्लानिंग पर काम करेंगे। बीजेपी हरियाणा के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि फील्ड में उतारने से पहले सभी अल्पकालीन विस्तारकों को लोकसभा के हिसाब से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यशाला 9 सितम्बर से शुरू हो रही है। डा. संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा हरियाणा में पहली बार बहुत बड़ा अभियान चला रही है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में एक समय हजारों अल्पकालीन विस्तारक फील्ड में उतरकर के अपने बूथों को मजबूत करेंगे और वहीं संगठन की सेवा के संकल्प के साथ हर स्थान पर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। भारत विकसित राष्ट्र तभी बन सकता है जब केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें हों। डा. शर्मा ने बताया कि अल्पकालीन विस्तारकों का 24 घंटों का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षित होने के बाद सभी विस्तारक पार्टी द्वारा दिए गए शक्ति केंद्रों के बूथों पर जाएंगे और एक दिन हर बूथ पर लगाकर पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि 9-10 सितम्बर को गुरुग्राम, अंबाला तथा कुरूक्षेत्र लोकसभा के अल्पकालीन विस्तारकों का प्रशिक्षण उन्हीं लोकसभा क्षेत्र में होगा। श्री शर्मा ने बताया कि 10-11 सितम्बर को रोहतक, फरीदाबाद, भिवानी-महेंद्रगढ़, हिसार और सिरसा तथा 11 व 12 सितम्बर को करनाल तथा सोनीपत लोकसभा में कार्यशालाएं होंगी।

# गांव ठोल में किसानों को बताये फुल पेज प्रौद्योगिकी के गुर



**जागरूक किया**

आने वाले समय में पानी की किल्लत को देखते हुए यह तकनीक काफी कारगर सिद्ध होगी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

अंबाला के निकटवर्ती गांव ठोल में सीधी बिजाई की तकनीक को बढ़ावा देते हुए सवाना सीड्स द्वारा किसानों को फुल पेज प्रौद्योगिकी सक्षम प्रत्यक्ष बीज युक्त धान डीएसआर की खेती की संबंधित जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि वह इस तकनीक में खपतवार नियंत्रण रहता है। कार्यक्रम में कम्पनी के सीओ अजय राणा, सन्नी संधू, अधिकारी ललीत तौमर, मनोज सिंह ने बताया कि आने वाले समय में पानी की किल्लत को देखते हुए यह तकनीक काफी कारगर सिद्ध होगी। इससे किसानों को काफी फायदा होगा। उन्होंने यह भी बताया कि डीएसआर तकनीक को बढ़ावा देने के लिए पंजाब सराकर ने 1500 रुपए प्रति एकड़ तथा हरियाणा सरकार ने 4000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। इस अवसर पर आलोक कुमार,

# आज नहीं लगेगा अनिल विज का जनता दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आज नहीं लगेगा। गृह मंत्री अनिल विज की आंख में दिक्कत की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें आराम की सलाह दी है जिस कारण शनिवार को जनता दरबार नहीं लगेगा। गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं को सुनते हैं। उनका जनता दरबार प्रदेशभर में प्रचलित है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से लोग आकर अपनी जनसमस्याओं को रखते हैं। विज मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश देते हैं।



# अंतर्राष्ट्रीय जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के सम्बंध मे चलाया विशेष चैकिंग अभियान

**अभियान**

अंतरराष्ट्रीय जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के सम्बंध मे विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पुलिस महानिरीक्षक, अम्बाला मण्डल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में होने वाले अंतरराष्ट्रीय जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर गुहमन्त्री अनिल विज हरियाणा सरकार के आदेशानुसार व पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर, भा.पु.से., अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तचर विभाग हरियाणा अलोक मितल भा.पु.से के निदेशों की पालना करते हुए शिवास कविराज भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल, ने जिला अम्बाला व कुरुक्षेत्र में लगने वाले नैशनल हाईवे व स्टेट हाईव के दोनों तरफ 100 मीटर के एरिया व जिला यमुनानगर में रेलवे स्टेशन कलानौर और थर्मल पॉवर प्लांट की दीवारों के साथ साथ स्नीफर डोग व डीप मैटल डिटैक्टर की मदद से सुबह की पहली किरण के साथ ही विस्फोटक पदार्थो व अंतरराष्ट्रीय जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के सम्बंध मे विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अम्बाला ने 11 टीमों का गठन करके 130 पुलिस कर्मचारी/अधिकारी नियुक्त करके 04 राष्ट्रीय/राजकीय मार्गो पर 62 किलोमीटर के ईलाका में 260 स्थानो को चैक किया व जिला कुरुक्षेत्र ने 28 टीमों का गठन कर-के 444 पुलिस कर्मचारी/अधिकारी नियुक्त करके 03 राष्ट्रीय/राज्य मार्ग पर 47 किलोमीटर के ईलाका में 269 स्थानो को चैक किया व जिला यमुनानगर ने 02 टीमों का गठन करके 30 पुलिस कर्मचारी/अधिकारी नियुक्त करके रेलवे स्टेशन कलानौर व थर्मल पॉवर प्लांट की दीवारों के साथ साथ कॉम्बिंग/चेकिंग की गई । शिवास कविराज भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, अम्बाला मण्डल द्वारा अम्बाला पुलिस मण्डल के अधीनस्थ सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए, कि वह अपने-अपने क्षेत्राधिकार में इस अन्तर्राष्ट्रीय जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा को मध्धेनजर रखते हुए संदिग्ध/अपराधी किस्म के व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें व अगर कोई अपराधी/संदिग्ध व्यक्ति पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमनानुसार कार्यवाही करेंऔर यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कोम्बिंग अभियान समय-समय पर करते रहें। इसके अतिरिक्त उन्होंने आम जनता से भी अपील की हैकि वह भी अपने घरों के आस-पास रहने वाले अज्ञात/संदिग्ध व्यक्तियों बारे स्थानीय पुलिस को सूचित करके पुलिस का सहयोग करें।






# गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के किए गए चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** महानिरीक्षक यातायात हरियाणा करनाल हरदीप सिंह दून के निर्देशन एवम पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवम यातायात के नियमों की पालना हेतू शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान लेन ड्राईविंग व गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के थाना अम्बाला शहर क्षेत्र में 05, थाना सदर अम्बाला क्षेत्र में 17, थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर क्षेत्र में 6, थाना नग्गल क्षेत्र में 15, थाना बलदेव नगर क्षेत्र में 20 थाना पंजोखरा क्षेत्र में 5, थाना पड़ाव क्षेत्र में 25, थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र में 10, थाना साहा क्षेत्र में 10, थाना शहजादपुर क्षेत्र में 10, थाना मुलाना क्षेत्र में 15, थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में 00, थाना बराड़ा क्षेत्र में 04, थाना महेशनगर क्षेत्र में 20, महिला पुलिस थाना अम्बाला शहर 00, महिला पुलिस थाना नारायणगढ 05, यातायात पुलिस थाना मोहड़ा ने 290 वाहन चालकों के चालान करते हुए अम्बाला पुलिस ने कुल 457 वाहनों के चालान किए जिनमें गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 101 वाहनों के व लेन नियमों की पालना ना करने वाले 356 वाहन चालकों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह सड़क सुरक्षा हेतू यातायात के नियमों की पालना करें। वाहन चालक यातायात के नियमों की पालना करें और गलत दिशा में वाहन ना चलाऐं, लेन ड्राईविंग के नियमों की पालना करें।



**विशेष अभियान**

सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवम यातायात के नियमों की पालना हेतू शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया

# श्री नव ज्योति दुर्गा मंदिर में तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

मेन रोड पर स्थित श्री नवज्योति दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुओ इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग ने शिरकत की और मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने कियो इस जन्माष्टमी महोत्सव में वृंदावन धाम से पधारी बाल व्यास भक्ति प्रिया द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का प्रवचनों व भजनों के माध्यम से गुणगान किया गयो इन भजनो पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने झूम झूम कर हाजिरी लगाई इस दौरान शुभम वंश महादेव ग्रुप द्वारा भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की मनमोहक झांकियां पेश की गई इस जन्माष्टमी महोत्सव में बर्फ वाली गुफा आकर्षण का केंद्र रही इस महोत्सव में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण को झूला झूला करके दर्शन किऐ इस अवसर पर प्रधान मास्टर मनोहर लाल रहेजा, उपप्रधान पार्षद राजा मेहता, अंतरराष्ट्रीय अवार्डी महेंद्र सेतिया, राधेश्याम मेहता,संजीव भाटिया,जसवंत रेलन ,संजय संदूजा, राजन कुमार, संजय मक्कड़, मास्टर ओम प्रकाश सेतिया, जगदीश रहेजा व भोजराज रहेजा आदि मौजूद रहे

# डॉक्टरों ने रचा इतिहास, 105 वर्षीय महिला का किया सफल ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में 105 वर्षीय सरदारों देवी का आंत में गाठ का सफल ऑपरेशन करते हुए अटल कैंसर केयर के डॉक्टरों ने इतिहास रच दिया है। अक्सर इस उम्र में ऑपरेशन करना जहां एक ओर डॉक्टरो के लिए कठिन होता है तो वहीं रोगी को भी यही चिंता रहती है कि वह ऑपरेशन के बाद रिकवरी कैसे करेगा।

छावनी के एफसीआई गौदाम बाजीगर कालोनी के नजदीक की रहने वाली 105 वर्षीय सरदारो देवी को अकसर खाना खाने मे दिक्कत होती थी। उनकी पाचन क्रिया ठीक नहीं थी। उनके बच्चों ने चण्डीगढ़ 32 तक बुजुर्ग का इलाज करवाया लेकिन आराम नहीं मिला तभी यह महिला अंबाला छावनी के अटल कैंसर केयर में आई यहां पर डॉक्टर मिनाक्षी ने महिला को जांचते हुए उसके कुछ टैस्ट करवाए। हालांकि महिला में कैंसर के किसी प्रकार के लक्षण नहीं थी तथा रिपोर्टों के आधार पर डॉ वेध पाठक, डॉ जितेन्द्र चैहान की टीम ने महिला का सफल ऑपरेशन किया। इस दौरान आंत के पीछे गांठ होने के कारण महिला को यह दिक्कत आ रही थी। कई घण्टो तक चले इस ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने महिला को ठीक करने में कामयाबी हासिल की। अब महिला स्वस्थ है। तो वहीं डॉ मीनाक्षी ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि मंत्री के प्रयासों से ही यहां पर इस तरह के ऑपरेशन कामयाब हो सकते हैं। तो वहीं बुजुर्ग महिला के परिजनों ने भी कहा कि यह अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं है।



**स्वस्थ**

गांठ का सफल ऑपरेशन करते हुए अटल कैंसर केयर के डॉक्टरों ने इतिहास रच दिया

# ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति व गिरने से युवक की मौत

**सोनीपत:** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर गांव हरसाना के पास पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं सोनीपत से राठधना के बीच चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। दोनों हादसे अलग-अलग स्थानों पर हुए। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के नागरिक अस्पताल में भिजवाया। इनमें व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है, जबकि युवक के शव की शनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे है।

# भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरा होने पर पदयात्रा का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पूर्व** राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई पद भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरा होने के मौके पर आज कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला प्रभारी बिशनलाल सैनी के नेतृत्व में अंबाला शहर के जगाधरी गेट से पुरानी अनाज मंडी तक पदयात्रा निकाली गई। इस मौके पर विधायक बिशनलाल सैनी ने कार्यकर्ताओं को सबोंधित करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा निकाली गई पदयात्रा से देश में आपसी भाईचारे की एक नई हवा की शुरूआत हुई है। देश के इतिहास की यह सबसे लंबी पदयात्रा थी जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भागीदारी कर आपसी भाईचारे और प्रेम की नई मिसाल कायम की। आज माननीय राहुल गांधी जी की चर्चा विश्व स्तर पर हो रही है। विधायक बिशन लाल सैनी ने कहा कि भाजपा ने फूट डालो व राज करो की राजनीति की है व देश में आपसी भाईचारे को खराब करने का काम किया। लेकिन आज जनता भाजपा की नीति को समझ चुकी है। हर प्रदेश में जनता ने यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया । माननीय राहुल गांधी जी जन जन की आवाज बन चुके है और आने वाले समय में देश और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय है। विधायक बिशनलाल सैनी ने कहा कि माननीय राहुल गांधी जी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा आज जन आंदोलन बन चुकी है । देश में फूट डालो व राज करो की राजनीति की दिन अब लद चुके हैं व देश में आने वाले समय में कठ.ऊकअ गठबंधन के नेतृत्व में आपसी भाईचो की जीत होगी व सरकार बदलना तय है । आज देश व प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है । समाज के सभी वर्गों में सरकार के खिलाफ भारी रोष है जिसका स्पष्ट परिणाम आज की इस पदयात्रा में उमडा जनसैलाब है। पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने कही कि दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा करने वाली जुमलेबाज सरकार की 6 साल की अवधि में 77 लाख रोजगार घट गए। रोजगार देने की बात तो दूर, जिन-?हें रोजगार मिला हुआ था वो भी छिनता जा रहा है। मशीनरी युग में चंद पूंजीपतियों को फायदा मिल रहा और जनता बेहाल है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। माननीय राहुल गांधी जी देश की जनता की आवाज बन चुके है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अमीषा चावला जी ने कहा कि भारत जोड़ों यात्रा जारी है और सर्वधर्म सद्भाव की नीति को आगे बढ़ा रही है और नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक यह यात्रा जारी रहेगी । इस मौके पर अंबाला जिला प्रभारी बिशनलाल सैनी , पूर्व विधायक जसबीर मलौर, वरिष्ठ नेता अशोक मेहता , अमीषा चावला , अतुल महाजन, युवा जिलाध्यक्ष प्रतीक चौधरी , करण राणा, दुष्यंत चौहान, वीरेन्द्र सिंह निक्कू, रोहित शर्मा ( विशू ), अशोक बूंदी , नवीन गुप्ता , एसके गुप्ता , सोनू राणा , करण यादव , टहल राम , पूर्व पार्षद सतीश सैनी ,सुरेन्द्र पाल सिंह, तरणदीप पूनिया जण्डली , जसबीर हुमायूपुर, लाभ सिंह ठरवा , रवि वाल्मीकि , मान सिंह खुरचणपुर, शैंकी गरनाला, राजबीर काला, अमरजीत समालखी, बादल हरजाई , गुरजिनद्र बाडा, टिंका कांवला, राहुल भारद्वाज, महेन्द्र जण्डली, जसपाल सौंडा, लखविंदर धुराला, दलजीत नन्हेडा, बाबू लाल , पीयूष बोह, संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।





## न्यूज फ्लैश

### नारी तू नारायणी उत्थान संस्था ने किया प्राचार्य मनीष घनघस को सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आज नारी तू नारायणी संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सविता आर्या ए उनकी सहयोगी नीता आर्या और सुरेंद्र राठी ने सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस संस्था ने आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 21 बच्चे जो इस वर्ष हुए खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लेकर आए उन्हें सम्मानित किया साथ में इस संस्था की अध्यक्षा सविता आर्या ने जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे 11 अध्यापकों को भी सम्मानित किया जिसमें दो अध्यापक आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रहे। पिंकी आर्या और मीरा आर्या को पाठन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सविता आर्या ने मंच से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम को गति दी और जीवन में शिक्षा के महत्व को भी बताया आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनघस ने सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद किया सभी अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में प्रकृति बचाओ अभियान के तहत एक पौधा भी लगाया प्राचार्य मनीष घनघस ने गत वर्ष हुई विद्यालय की उपलब्धियां सभी को बताई विद्यालय की प्रबंधन समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया संस्था ने प्राचार्य मनीष घनघस को शॉल ओढा कर सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### क्रॉम्पटन को पीएम कुसुम स्कीम के तहत सौर पम्पों के लिये महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला

**अंबाला।** भारत के सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड और पम्प्स में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को हरियाणा राज्य में माननीय पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्पों का एक महत्वपूर्ण काम मिला है। कंपनी को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा और एचएआरईडीए द्वारा 7.5 एचपी और 10 एचपी के सोलर सबमर्सिबल वाटर पम्पिंग सिस्टम्स की आपूर्ति, स्थापन एवं आरंभ का शुरूआती कार्य–आदेश मिला है। यह उपलब्धि एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) और एमएनआरई (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) के नेतृत्व में एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य है पूरे भारत में 6.6 लाख पम्पों को बदलकर नये कनेक्शन लगाना। शुद्ध एवं स्थायित्वपूर्ण ऊर्जा का स्रोत प्रदान करने में आज सौर ऊर्जा की एक महत्वपूर्ण भूमिका है, जो पर्यावरण की रक्षा करती है और कार्बन फुटप्रिंट कम करती है। नवीकरणीय ऊर्जा सेगमेंट में महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करने के लक्ष्य के साथ, कंपनी अगले 2 वर्षों में पीएम कुसुम योजना के तहत सौर पम्पों की एक बड़ी संख्या को स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी ने सम्पूर्ण भारत में फैले व्यापक बिक्री पश्चात सेवा नेटवर्क (आफ्टर सेल्स सर्विस नेटवर्क) और तकनीकी योग्यता वाले चैनल साझीदारों का सहयोग लिया है। इस अवसर पर बात करते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के वाईस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड, पम्पस, रजत चोपड़ा ने कहा, क्रॉम्पटन में हमें अपने उपभोक्ताओं के जीवन को समृद्ध बनाने वाले नवाचार लाने की अपनी विरासत पर गर्व है। पानी देने और अनिवार्य वस्तुओं का अबाध प्रवाह सुनिश्चित करने में पम्प एक महत्वपूर्ण उपकरण हैं। हमने खुद को आवासीय पम्पों के बाजार में अग्रणी के रूप में स्थापित किया है, और अब यह उपलब्धि सोलर वाटर पम्पों की कैटेगरी में भी अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करेगी। क्रॉम्पटन महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश, इन चार राज्यों में निविदा की प्रक्रिया में सक्रिय है।

### मीडिया एक्सपो 2023, 14 से 16 सितंबर तक आयोजित होगा

**गाजियाबाद ।** दो दशकों से अधिक की सफल विरासत द्वारा समर्थित, मीडिया एक्सपो 2023 विचारशील रचनात्मक अवधारणाओं का समर्थन करने के लिए समाधान प्रदर्शित करेगा। 14 से 16 सितंबर 2023 तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले 10,000 वर्ग मीटर के शो फ्लोर में 150+ प्रदर्शक 200 ब्रांडों के 500उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे जो उद्योग में महत्व प्राप्त कर रहे हैं। विज्ञापन और ब्रांडिंग की दुनिया पहले की तुलना में मूल्य आधारित संचार उपकरण बन गई है। ग्राहक उन विज्ञापनों से जुड़ते हैं जो कला और कहानी का एक विचारशील मिश्रण हैं। इसके मूल्य को बढ़ाने के लिए, प्रस्तुति का प्रारूप संचार के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देता है। विज्ञापनों और ब्रांडिंग को अधिक आकर्षक, भावनात्मक, अनुभवात्मक और प्रासंगिक बनाने की दिशा में प्रगति करते हुए डिजिटल ओओएच, 3डी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) ने इस दिलचस्प उद्योग में अधिक प्रमुखता हासिल करना शुरू कर दिया है। मीडिया एक्सपो 2023 का आगामी 51 वां संस्करण प्रिंटिंग, उपभोग्य सामग्रियों और मीडिया, फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी, साइनेज और साइन सिस्टम, रिटेल और ओओएच और अन्य क्षेत्रों से 150+ प्रदर्शकों को एक साथ लाएगा ।

# 'बड़े परिवारों व समाज में विचारों में मतभेद हो सकते हैं मनभेद नहीं होते'

## इसके अलावा परिवार व समाज के हर सदस्य का काम करने का तरीका अलग होता है



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
जिला पानीपत ब्राह्मण सभा का जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डाहर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बड़े परिवारों व समाज में विचारों में मतभेद हो सकते हैं मनभेद नहीं होते। इसके अलावा परिवार व समाज के हर सदस्य का काम करने का तरीका अलग होता है। इसलिए वह अपनी सभा के बैनर तले समाज को साथ लेकर समाज के उत्थान के लिए काम करेंगे। वहीं दूसरे एक प्रधान पर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनका कहने का मतलब यही है कि वह अपनी सभा के प्रधान थे, प्रधान हैं तथा प्रधान रहेंगे। हम समाज की उन्नित के लिए काम करने जा रहे हैं। वह भी समाज के लिए काम करें प्रधान रहें हमें कोई ऐतराज नहीं है। सतीश शर्मा डाहर ने कहा कि कई समाजों में कई-कई संगठन होते हैं सभी अपने-अपने स्तर पर काम करते हैं हम भी अपने लेवल अपने तरीके से समाज के गरीब विद्यार्थियों,खिलाडिों व नौकरी की कोचिंग लेने वाले आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं का सहयोग करने का काम सबसे पहले करने जा रहे हैं। जिसके लिए जगह की तलाश की जा रही है। जहां पर भवन बनाकर कोचिंग सैंटर खोला जा सके। वहीं पत्रकारों को जानकारी देते हुए राजेंद्र हलदाना ने बताया कोई भी व्यक्ति समाज से प्रधान बनता है समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों को मान-सम्मान देना उसका पहला फर्ज है इसके अलावा समाज हित में काम करने के लिए प्रधान चुना जाता है। भविष्य में सतीश शर्मा भी अगर समाज की उम्मीद पर खरा नहीं उतरता है तो उसे भी प्रधान पद से हटा दिया जाएगा वैसे भी आने वाले 6 महीने के अंदर जहां हर गांव में जाकर सभा के सदस्य बनाकर उन्हें वोड्ढ़षटग का अधिकार देकर अगला प्रधान चुना जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल 31 सदस्यीय कमेटी बना दी गई है। कमेटी एक सप्ताह के अंदर जिला की कमेटी बना देगी। जिसमें प्रधान को कोई हस्तक्षेप नहीं होगा बल्कि कमेटी की बनाई टीम को साथ लेकर काम करेगा।

## नेक्सस अमृतसर मॉल ने क्यूरेटेड ब्यूटी और वेलनेस की पेशकश - दी ग्लोस बॉक्स की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**तेजी से** बदलती दुनिया में जहां ब्यूटी और वेलनेस सिर्फ प्रचलित शब्दों से कहीं अधिक हो गये और ग्राहक भी ढेर सारे कॉस्मेटिक्स और वेलनेस ब्रांडों में से विकल्प चाहते हैं तो नेक्सस अमृतसर मॉल इसके लिये सही जगह है। 8 सितंबर से, त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये मॉल सर्वोत्तम ब्यूटी ब्रांड्स अपने विभिन्न उत्पादों की सौगात शहरवासियों के समक्ष पेश करेगा। देश से सबसे बड़े रिटेल प्लेटफार्म नेक्सस मॉल्स, ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक देशव्यापी अनूठी कॉस्मेटिक्स, ग्रूमिंग और वेलनेस कैंपेन – दी ग्लोस बॉक्स शुरू करने जा रहा है। 8 सितंबर से लाईव होने वाले दी ग्लोस बॉक्स का लक्ष्य प्रमुख इंडियन और इंटरनेशनल ब्यूटी और वेलनेस ब्रांडों, प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट, ब्यूटी एक्सपर्ट्स और ब्लॉगर्स की मेजबानी कर– के ब्यूटी और वेलनेस की दुनिया में एक नया मानदंड स्थापित करना है। इच्छुक उत्साही लोगों के लिये एक शानदार अनुभव साबित होगा। प्रीमियम कॉस्टमेटिक और वेलनेस उत्पादों का एक क्यूरेटेड सिलेक्शन, नेक्सस अमृतसर माल में सबसे अधिक मांग वाले ब्रांडों को एक साथ लाता है। अन्य ब्यूटी फेस्टिवल से जो बात दी ग्लोस बॉक्स से वास्तव में अगल करती है वह है – फिजिटल अनुभव जिसे स्कीन केयर, मेकअप, स्पा, वेलनेस और अन्य के क्षेत्र में कुछ सबसे प्रसिद्ध ब्रांडों में फेले अनुभवात्मक प्रर्दशनों के द्वारा ग्राहकों को पेश करने के लिये तैयार किया गया है। ग्राहक मजेदार अनुभव के लिये लाईव प्रदर्शनों में भाग ले सकते हैं। प्रोग्राम की कड़ी में स्पेशल मास्टर क्लास सैशन है जहां एक्सपर्ट्स ब्यूटी और वेलनेसस पर नवीनतम ट्रेंड्स और तकनीकों को साझा करने के साथ साथ इस उद्योग के बदलते पहलू और प्रभाव पर चर्चा करेंगें। दी ग्लोस बॉक्स में भाग लेने वाले ब्रांड्स में शॉपर्स स्टाप, नायका, फेसेस कनाडा, कलर बार, शुगर, दी बॉडी शॉप, फोरस्ट एसेंशियल और बॉथ एंड बॉडी वर्क्स शामिल हैं।

## रुपयों के लेनदेन के चलते युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर** थाना क्षेत्र स्थित अनाज मंडी सोनीपत में धान की गाड़ी भरकर चाय की दुकान पर बैठे युवक पर तेजधार हथियार व गाली-गलौच करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। गांव जाहरी निवासी राकेश उर्फ बिट्टू ने बताया कि वह गत 8 सिंतबर को अनाज मंडी सोनीपत से धान की गाड़ी भर कर चाय की दुकान पर बैठा था। उसी दौरान अजय उर्फ छोटू निवासी बिचपड़ी, सोहन लाल उर्फ सोनू सहित दो अन्य व्यक्ति उनके साथ आएं। उसके साथ उनके साथ रुपयों का लेनदेन की पूरानी रंजिश की वजय से गाली-गलौच करने लगे। उसके बाद एक गाड़ी से अजय उर्फ छोटू अपने हाथ में लिए बिट्टे से हमला कर दिया। उसके बाद उसकी कमर व आंख पर हमला कर दिया। उस पर तेजधार हथियार से कमर व पैर पर चोटे मारी। उसने बीच-बचाव करने के लिए शोर मचाया। भीड़ इक्ट्ठी होती देखकर आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई जगदीश चंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**रेफर किया**

**▶▶ घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया**

## जेसीबी चालक ने मारी मोपेड सवार बच्चे को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल।**
यहां एक दिल दहलाने वाली घटना हुई है। एक जेसीबी चालक ने मोपेड पर बैठे एक नौ साल के बच्चे को टक्कर मार दी। जिससे बच्चे का सर फटकर दो भागों में अलग हो गया। मोपेड मृतक बच्चे का पिता चल रहा था। इस हादसे में पिता भी बुरी तरह घायल हो गया। मृतक बच्चा दो बहनों पर इकलौता भाई था।
महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव निहालावास निवासी पूर्ण सिंह मोपेड पर सवार होकर अपने माता-पिता को अटेली के पास लगते गांव ताजपुर में छोड़ने के लिए गया था। बताया जा रहा है कि ताजपुर में पूर्ण के मामा रहते हैं। वहां और भंडारे का कार्यक्रम था। उसका लड़का करीब 10 वर्षीय दीपांशु भी साथ जाने की जिद करने लगा। तब वह उसको भी साथ लेकर चल दिया।

## अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाएं और देखभाल करें : प्रमोद विज



**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत/कमाल हुसैन**
वैदिक परिवार के तत्वावधान में आज डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन में पौधारोपण किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पानीपत शहरी के विधायक प्रमोद विज एवं विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर रणदीप घनगस रहे। विधायक प्रमोद विज ने स्कूल छात्रों का आह्वाहन किया कि वे अपने हर जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाएं और उसे बड़ा वृक्ष होने तक उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे लिए उतने ही जरूरी हैं जितना भोजन। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर रणदीप घनगस ने कहा कि जैसे हर व्यक्ति अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ को अपने अपने ढंग से यज्ञादि करके मनाता है, उसी तरह पौधारोपण भी एक तरह का यज्ञ ही है। यज्ञ भी वायु को शुद्ध करता है तथा पौधे भी वायु शुद्धि ही करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन इसके लिए बधाई का पात्र है कि वह छात्रों को पौधारोपण और उनके रक्षण के संस्कार दे रहे हैं। इससे पहले वैदिक परिवार के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के समय विद्यालय की छात्राएं मंत्रोचारण कर रही थी। इस अवसर पर पानीपत के प्रसिद्ध सर्जन एवं वैदिक परिवार के अध्यक्ष डॉ. पवन बंसल, प्रिंसिपल अनुपमा सिन्हा, डा.राजबीर आर्य, आशीष दूहन, संजय जैन, राजीव सचदेवा, अशोक अरोड़ा, सत्यनारायण गुप्ता, दीपेश रहेजा, अश्वनी चंदेल, मंजू गुप्ता, पूजा कादियान व चिराग आदि उपस्थित रहे।

## नारायण अस्पताल के बाहर कार में दो यवकों ने रात को लगाई आग



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
**(मनीषअम्बाला** शहर के मनाली हाउस में रहने वाले डॉ सचिन जिंदल की एंडेवर कार में देर रात अज्ञात एक्टिवा सवारों ने आग लगा दी और वहां से फरार हो गए। गाड़ी में लगी आग के कारण आस पास के पेड़ पौधे सहित घर के बाहर बने बगीचे को भी नुक्सान पहुंचा है। इतना ही नहीं कार की आग की चपेट से घर के बाहर जा रही बीएसएनएल टेलिफोन की तारे भी जल गई। जिसके कारण आस पास के घरों की लैंडलाइन सेवा भी बंद रही। जानकारी देते हुए डॉ सचिन जिंदल के पिता श्यामसुंदर जिंदल ने बताया कि उन्हे देर रात करीब 1.30 बजे उनके पड़ोसी साहिल का फोन आया कि उनकी गाड़ी में आग लग गई है। जिसके बाद वे सभी घर के बाहर भागे लेकिन कार की तपत के कारण मेन गेट भी बहुत गर्म हो गया था। जैसे तैसे वे घर के ाहर पहुंचे और उनकी दूसरी कार को दूर खड़ा किया और आग पर काबू पाने में जुट गए। लेकिन आग इतनी भंयकर थी कि बुझने का नाम नहीं ले रही थी। इसी दौरान उन्होंनें दमकल विभाग के कर्मचारियों को आग की सूचना दी। जिसके बाद दमकल कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए। लेकिन तब तक कार बुरी तरह से जल चुकी थी। कार के जले हुए टुकड़ो के कारण मेन गेट में लगे शीशे को भी क्षति पहुंची है। उन्होनें बताया कि इस बारे में उन्होनें पुलिस को भी शिकायत दे दी है। उन्होनें कहा कि इस क्षेत्र में बड़े बड़े प्रशासनिक अधिकारी रहते है इसके साथ ही जिला अम्बाला की जेल भी यहीं पर मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद भी उनके क्षेत्र में इस प्रकार की घटना होना पुलिस की कार्रवाई पर सवाल है। उन्होनें बताया कि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया है कि दो युवक एक्टिवा पर सवार होकर आए और उनमें से एक कार के पास गया और दोनों वहां से चले गए। इसके तुंरत बाद ही गाड़ी में आग लग गई। उन्होनें बताया कि उनके क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें बहुत कम चलती है जिसके कारण रात 8 बजे के बाद यहां पर कैमरों में भी कुछ दिखाई नहीं देता। ऐसे में कोई अप्रिय घटना होने पर अपराधियों की पहचान करना बहुत मुश्किल है। उन्होनें पुलिस प्रशासन और निगम से गुहार लगाई है कि उनके क्षेत्र में सुरक्षा को और कड़ा किया जाए और पुलिस गस्त को बढ़ाया जाए। जिससे आगे कोई और अन्य अप्रिय घटना न हो।

## सीए स्टूडेंट्स ने सीए भवन में मनाया टीचर्स डे



**चंडीगढ़ः** चार्टेड एकाउंटेंड्स (सीए) की सर्वोच्च देशव्यापी संस्था–दी इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंड्स (आईसीएआई) ने अपने सेक्टर 35 स्थित परिसर सीए भवन में सीए स्टूडेंट्स के साथ टीचर्स डे मनाया। इस अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसके द्वारा स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पंजाब युनिवर्सिटी के सिनेट और सिंडीकेट सदस्य डॉ मुकेश अरोड़ा और डॉ प्रवीण गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंनें समाज और आर्थिक उत्थान में शिक्षकों की भूमिका पर बल देते हुये कहा कि इनके बिना राष्ट्रनिर्माण असंभव है। इसलिये सदैव अध्यापक वर्ग द्वारा दिये गये समर्पण भाव को जीवन में कभी न भुलायें। इससे पूर्व मुख्यातिथि, अन्य गणमान्यों और स्टूडेंट्स का स्वागत करते हुये आईसीएआई चंडीगढ़ चैप्टर के चेयरमेन सीए विशाल पुरी ने कहा कि शिक्षक एक प्रोफेशन नहीं बल्कि एक मिशन है। एक टीचर अपने जीवन काल में असंख्य प्रोफेशनल्स की मजबूत नींव रखने में सहायक होता है इसलिये उनके दिये योगदान को आजीवन याद रखें। इस अवसर पर नार्थ इंडिया सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के चेयरमेन सीए रचित गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वाईस चेयरमेन सीए अभिषेक चौहान सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य सीए उमाकांत मेहता, सीए बृजभूषण शर्मा व अन्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे दौरान टीचर्स पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सुशांत ठुकराल का प्रथम, पुनीत कुमारी को दूसरा और शिवानी पाल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ड्यूरोप्लाई ने अपने अधिकांश प्रॉडक्ट्स पर लाइफटाइम गारंटी की पुष्टि की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
ड्यूरोप्लाई ने अपने अधिकतर प्रॉडक्ट्स पर अपनी मशहूर लाइफटाइम गारंटी की पुष्टि की है। ड्यूरोप्लाई अपने अधिकांश प्रोडक्ट्स पर 2016 से लाइफटाइम गारंटी दे रही है। अपने आकर्षक फीचर्स के साथ ड्यूरोप्लाई प्लाईवुड इंडस्ट्री में पहली ऐसी कंपनी बन गई है, जो अपने ज्यादातर प्रॉडक्ट्स पर लाइफटाइम गारंटी देती है। इसके अलावा दूसरे प्रॉडक्ट्स पर भी ड्यूरोप्लाई 25, 21 और 10 साल की आकर्षक गारंटी देती है। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर श्री अखिलेश चितलांगिया ने कहा, भारत की प्रमुख प्लाईवुड कंपनियों में ड्यूरोप्लाई सबसे अनुभवी कंपनी है। ड्यूरोप्लाई में निर्माण के लिए सख्त मानकों का पालन किया जाता है, जिसमें कच्चे माल को एकत्र करने से लेकर निर्माण और क्वॉलिटी कंट्रोल की प्रक्रिया शामिल है।

## दिल्ली के मुकरबा चौक तक जा सकेगी रोडवेज की लॉरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**देश** की राजधानी दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते रोडवेज विभाग की तरफ से दिल्ली सहित अन्य रूठों पर चलने वाली लॉरी को मुकबरा चौक तक जाने के निर्देश मिले है। रोडवेज विभाग की तरफ से गोहाना-अजमेर रूठ को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही सोनीपत बस स्टैंड व जीटी रोड से होकर दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाली रोडवेज की लॉरी के रूठ जयपुर-आगरा को बदलकर केजीपी केएमी को किया है। सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर छह नाकें लगाएं गए है। जहां पुलिस कर्मी जांच करने के बाद ही वाहन चालकों को आगे जाने दे रहे है। विभाग की तरफ से बाहरी वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाएं गए है। जहां हजारों की संख्या में वाहनों को पार्किंग करने की क्षमता है। पुलिस विभाग की तरफ से राजधानी से लगने वाले रास्तों पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए है। बता दें कि देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन को लेकर जिला सोनीपत व दिल्ली पुलिस की तरफ से सुरक्षा चाक-चौंबद की गई है। वहीं रोडवेज विभाग की तरफ से अलग-अलग स्थानों से आने वाले यात्रियों को दिल्ली लेकर जाने के लिए हर रोज 35 बसें चक्कर लगाती थी। विभाग की तरफ से उक्त बसों को दो दिनों के लिए दिल्ली के मुकरबा चौक तक ही जाने के निर्देश दिए गए है। यात्रियों को आगे का सफर दिल्ली परिवहन व निजी वाहनों सहित मेंट्रों के जरिए करना होगा। रोडवेज विभाग की तरफ से जयपुर-आगरा रूठ पर दौड़ने वाली लॉरी का रूठ बदलकर केजी, केएमपी से होकर जाने का किया है। साथ ही गोहाना-आजमेर रूठ को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। बागवानी मंडी व एजुकेशन सिटी में बनाई गई पार्किंग- सम्मेलन को लेकर राजधानी में बाहरी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। सोनीपत पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात प्लान लागू किया है। जिसमें दिल्ली से लेकर दूसरे राज्यों में जाने वाले माल वाहनों को केजीपी और केएमी के रास्ते निकाला जायेगा। वहीं दिल्ली जाने वाले वाहनों के लिए बागवानी मंडी गन्नौर व एजुकेशन सिटी में पार्किंग बनाई गई है। जहां वाहन चालक अपने वाहन के पार्क कर सकते है।

## आप ने जिला सचिवालय में आशा वर्कर्स के धरने को समर्थन दिया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला** आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष करणवीर लोट ने शुक्रवार को आशा वर्कर्स के धरने को समर्थन दिया। उन्होंने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के हर जिले में ये आंदोलन चल रहा है। आशा वर्कर्स का पूरे देश में यही हाल है जो सम्मान मानदेय उनको मिलना चाहिए वो नहीं मिल रहा। पंजाब में भी यही स्थिति थी लेकिन जैसे ही आशा वर्कर्स धरने पर बैठी एक घंटे के अंदर सरकार ने कहा कि आपकी मांगों पर विचार चल रहा है और जल्द ही समाधान भी हो जाएगा। टीचर्स को भी 4-5 हजार रुपए दिए जाते थे, 13000 कच्चे टीचर्स को पक्का किया गया है। जिनकी सैलरी चार पांच गुणा बढ़ गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने एक भी फैसला ऐसा नहीं किया जिसको कोई भी राजनीतिक पार्टी कोर्ट में ले जा सकी हो। आने वाले कुछ महीने में पुख्ता फैसला आशा वर्कर्स के बारे में होने जा रहा है जिसका उदाहरण पूरे देश में दिया जाएगा। यदि हरियाणा में मुख्यमंत्री खट्टर आशा वर्कर्स की मांगों को पूरा नहीं कर सकते तो उनको सामने आकर कारण बताना चाहिए कि इस वजह से नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कोई भी हड़ताल करे तो भाजपा वाले कहते हैं आम आदमी पार्टी वाले हड़ताल करवा रहे हैं। आम आदमी पार्टी को दिल्ली में आठ साल हो गए। वहां डेढ़ दो हजार मोहल्ला क्लीनिक बनाने थे ताकि लोगों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। लेकिन वहां लड़ाई झगड़ा करने के बाद 500 मोहल्ला क्लीनिक ही बना पाए। क्योंकि वहां भाजपा सरकार काम ही नहीं करने देती। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को डेढ़ साल हो गए और वहां 700 मोहल्ला क्लीनिक बना दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि आशा वर्कर्स साथ न दे तो इस सरकार को ये भी पता नहीं चल सकता कि हरियाणा में बच्चे कितने पैदा हुए। कोई भी सर्वे करवाना हो तो सरकार सबसे पहले दौड़ते हुए आशा वर्कर्स के पास आती है। यदि किसी से इतना काम लेते हो तो उसको उसके बराबर सम्मान मिलना चाहिए। ये कहते हैं कि एजुकेशन क्वालीफिकेशन नहीं है इसलिए नहीं देते, ये लोग झूठ बोलते हैं। 8वीं की एजुकेशन क्वालीफिकेशन पर भी सरकार ऐसी नौकरी सरकार निकालती है जिनकी 20 से 25 हजार रुपए सैलरी है।

## जन्माष्टमी का त्योहार श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में धूमधाम से मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**
**धार्मिक स्थल** श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर्व बड़ी श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाया गया। कृष्ण भक्तों का मंदिर में दर्शन करने के लिए खूब जमावड़ा देखा गया। सांय से ही श्रद्धालु मंदिर में नगमस्तक होने शुरू हो गए और मध्य रात्रि जागरण में भजन मंडली गायकों के सुरीले भजनों का आंनद ले खूब झूमते रहे। महोत्सव का शुभारम्भ श्री मंहत भारतमाता मंदिर हरिद्वार महा मंडलेश्वर श्री निरंजनी अखाड़ा के स्वामी ललितानंद गिरी महाराज के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय भाटिया की धर्मपत्नी अंजु भाटिया पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा मंदिर पुजारी आचार्य सुभाष शास्त्री की देख रेख में विधिवत पूजा अर्चना हुई। इस अवसर पर सांसद की धर्मपत्नी अंजू भाटिया और पूर्व विधायक रविंद्र मछरौली का कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर के प्रधान अनिल बेनीवाल और मंदिर समिति के सदस्यों ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया ' अंजू भाटिया ने मंदिर में मौजूद सभी श्रद्धालुओं को को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा हमें श्री कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर संजय बेनीवाल, जगदीश, रमन, सर्वजीत बंसल, नीरज गोयल ,पार्षद रेणु धीमान सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।'

## संपादकीय

# जारी रहे भारत का जुड़ाव

**राहुल** गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है। फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया। जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंततः गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया।

# क्यों पनप रहा है मध्यप्रदेश भाजपा में असंतोष?

**सुनील कुमार महला**

> "कमलनाथ सरकार की बेदखली के बाद शिवराज सिंह ने 2020 में जब फिर सत्ता संभाली तो कांग्रेस समर्थकों की नाराजगी यही थी कि जनबलपर धनबल भारी पड़ने के कारण उसके हाथ से सत्ता गई। शिवराज ने बेशक राज्य में मामा के रूप में लोकप्रियता हासिल की है लेकिन लोगों को यह भी लगने लगा कि भाजपा नेताओं में सत्ता का नशा चढ़ रहा है। पोषण आहार घोटाला मामले ने सरकार की छवि को प्रभावित किया है। विधानसभा में भाजपा को कांग्रेस के साथ एंटी इनकमबेंसी फैक्टर (सत्ताविरोधी )का भी सामना करना पड़ रहा है। राज्य में आदिवासियों और दलितों पर जुल्म के सामने आए मामलों ने शिवराज सरकार की छवि पर विपरीत असर डाला है"

**मध्यप्रदेश** में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में अपनी जीत दर्ज करने के लिए जहां एक तरफ शिवराज सरकार लगातार योजनाओं की झड़ी लगा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा को हर दिन झटके भी मिल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में भाजपा के कई नेता या तो शिवराज सरकार को छोड़ कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं या फिर पार्टी से जाने की तैयारी में हैं। हाल ही में पार्टी के नौ कद्दावर नेताओं ने शिवराज सरकार का साथ छोड़ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस में आने की इच्छा भी जताई थी। इन नेताओं को बीते शनिवार मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी की सदस्यता भी दिलाई। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर राज्य में एक के बाद एक नेता कांग्रेस का दामन क्यों थाम रहे हैं इन नौ नेताओं में भोपाल से पूर्व विधायक उमाशंकर गुप्ता के भांजे डॉ आशीष अग्रवाल गोलू सहित पूर्व विधायक भंवर सिंह शेखावत, चंद्रभूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा, दो बार झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे वीरेंद्र रघुवंशी, छेदीलाल पांडे, शिवम पांडे, अरविंद धाकड़ शिवपुरी, सुश्री अंशु रघुवंशी, डॉ केशव यादव भिंड और महेंद्र प्रताप सिंह हैं। वर्ष 2023 के अंत में मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को आम चुनाव 2024 के पहले सेमीफाइनल की तौर पर देखा जा सकता है। इस वर्ष जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें हिंदी बेल्ट के मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ प्रमुख हैं। इसके अलावा तेलंगाना और मिजोरम में भी लोग मताधिकार का प्रयोग कर सरकार चुनेंगे। इन पांचों राज्यों में मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 230 सीटें हैं, स्वाभाविक रूप से देश के इस हृदय प्रदेश के नतीजों पर सबकी निगाह जमी है। राज्य में कुछ प्रमुख नेताओं के पलायन का सामना कर रही भाजपा के सामने सत्ता में वापसी की कठिन चुनौती हो गई है। चुनावी बेला में भाजपा तमाम अंतर्विरोधों का सामना कर रही। राज्य के कई छोटे नेता जहां छिटककर कांग्रेस की शरण में जा रहे, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जैसे बड़े नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा से मुंह फुलाए हैं। कार्यकताओं/नेताओं में सबसे ज्यादा नाराजगी ज्योतिरादित्य सिंधिया की भाजपा की एंट्री के बाद उनके समर्थक विधायकों को मलाईदार पद देने को लेकर है। उनकी शिकायत है कि पार्टी कार्यक्रमों में दरी



बिछाने,प्रचार करने और पोलिंग बूथ जैसे काम करने के बावजूद इनामआयातित नेताओं को ही मिल रहा है ।असंतोष के सुरों को थामने और क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हाल ही में गौरीशंकर बिसेन, राजेंद्र शुक्ल और उमा भारती के भतीजे राहुल सिंह लोधी को कैबिनेट में जगह दी है लेकिन यह कवायद कितनी कारगर होगी, वक्त ही बताएगा। चुनाव पूर्व सर्वे भी भाजपा के समक्ष चुनौती की गंभीरता बयां कर रहे। ये सर्वेक्षण भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने की बात कह रहे। कुछ सर्वे 2018 के विधानसभा चुनाव की तरह कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरने के संकेत दे रहे। संभवतःइसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का फोकस इस समय मध्य प्रदेश पर हैं।अगस्त में सागर जिले में संत रविदास के भव्य मंदिर और स्मारक का भूमि पूजन करने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी इस माह फिर एक कार्यक्रम में भाग लेने बीना पहुंचेंगे। राजनाथ सिंह और अमित शाह भी जन आशीर्वाद यात्रा को रवाना करने राज्य के विभिन्न स्थानों में पहुंच रहे हैं। भाजपा की उम्मीद यही है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की हाल ही लोकलुभावन घोषणाओं और मोदी मैजिक की बदौलत वह हालात अपने पक्ष में करने में सफल हो जाएगी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं हुआ था। उस समय 114 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी जबकि भाजपा 109 सीटों पर ठिठक गई थी।कांग्रेस ने जीत के बाद कमलनाथ की अगुवाई में सरकार बनाई थी लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा ज्वॉइन करने के बाद उनके समर्थक विधायक भी इस ओर शिफ्ट हो गए थे और भाजपा की सरकार बनने की मार्ग प्रशस्त हुआ था। मुख्यमंत्री शिवराज के सामने सबसे बड़ी समस्या पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी दूर करना है। राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाली उमा जन आशीर्वाद यात्रा का न्यौता न मिलने से खफा हैं।उन्होंने कहा, मुझे यात्रा में कहीं भी नहीं बुलाया गया। अब यदि मुझे निमंत्रण नहीं दिया तो भी मैं इसमें नहीं जाऊंगी। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता लेकिन मन में यह सवाल जरूर आता है कि ज्योतिरादित्य ने अगर पार्टी की सरकार बनवाई तो मैंने भी तो उन्हें एक सरकार बनाकर दी थी। उन्होंने कहा-इन लोगो को शायद डर लगता है कि अगर मैं यात्रा में पहुंचूंगी तो लोगों का ध्यान मेरी तरफ हो जाएगा। वर्ष 2018 में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के करीब डेढ़ साल माह के कार्यकाल को अपवाद स्वरूप छोड़ दें तो मध्य प्रदेश में भाजपा दो दशक से सत्ता में है।2003 में कांग्रेस को हराकर भाजपा ने उमा भारती की अगुवाई में सरकार बनाई थी। इसके बाद 2008 और 2013 के चुनाव में पार्टी ने सत्ता में वापसी की थी। कमलनाथ सरकार की बेदखली के बाद शिवराज सिंह ने 2020 में जब फिर सत्ता संभाली तो कांग्रेस समर्थकों की नाराजगी यही थी कि जनबलपर धनबल भारी पड़ने के कारण उसके हाथ से सत्ता गई। शिवराज ने बेशक राज्य में मामा के रूप में लोकप्रियता हासिल की है लेकिन लोगों को यह भी लगने लगा कि भाजपा नेताओं में सत्ता का नशा चढ़ रहा है। पोषण आहार घोटाला मामले ने सरकार की छवि को प्रभावित किया है। विधानसभा में भाजपा को कांग्रेस के साथ एंटी इनकमबेंसी फैक्टर (सत्ताविरोधी )का भी सामना करना पड़ रहा है। राज्य में आदिवासियों और दलितों पर जुल्म के सामने आए मामलों ने शिवराज सरकार की छवि पर विपरीत असर डाला है।राज्य के इंदौर में आदिवासी समाज के दो युवाओं तथा शिवपुरी और छतरपुर जिले में दलित समाज के खिलाफ ऐसी घटनाएं सामने आई जिन पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा। सीधी जिले में एक आदिवासी पर एक शख्स द्वारा पेशाब किए जाने की घटना की गूंज तो देशभर में रही। बाद में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने इस आदिवासी को अपने घर बुलाकर उसके पैर धोए और माफी मांगी। माना जा रहा कि सीधी कांड के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाए जाने की कार्रवाई से ब्राह्मण समाज भी सरकार से नाराज है। आरोपी का घर दोबारा बनवाने के लिए कुछ ब्राह्मण संगठनों ने चंदा भी जुटाया। विधानसभा चुनाव के पहले आदिवासी-दलित समाज के साथ ब्राह्मणों का विश्वास जीतने के लिए सरकार एड़ीचोटी का जोर लगा रही। चुनावी बेला में पिछले दो-तीन माह में भाजपा के दो दर्जन से ज्यादा नेता निष्ठा बदलकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसमें ज्योतिरादित्य के खेमे के नेताओं के अलावा खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे खांटी भाजपा नेता भी शामिल हैं। इन नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी, कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, भंवर सिंह शेखावत, गिरिजाशंकर शर्मा, महेंद्र बागरी और आदिवासी नेता माखन सिंह सोलंकी प्रमुख हैं। कोलारस विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा था, मैं पिछले तीन सालों से कोलारस का विधायक हूं और जब से सिंधिया जी के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाई है, तब से मुझे जनसेवा करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं विकास के मुद्दे उठाता था। लेकिन उसे अंजाम देने के लिए पार्टी के प्रभारी मंत्री तक मेरी मुलाकात शिवराज जी से नहीं करवाते थे। वीरेन्द्र रघुवंशी का आरोप है कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी एक खास परिवार के वर्चस्व के अंदर आ गई है।

## कविता

### स्त्रियां नदिया होती है

नदियां,नदियां होती हैं,
स्त्रियां, स्त्रियां होती हैं,
पर नदियों की तरह स्त्री भी निश्चल, निर्झर
होकर सतत बहती रहती है निर्बाध लक्ष्य की
तरफ,
स्त्री का जीवन भी
नन्हीं पुत्री, बेटी से शुरू होकर
बहन, पत्नी और मां के रूप में
दिव्य, विशाल हो जाता है,
नदिया भी पहाड़ की
छोटी कंदराओं से
छोटी धार के रूप में
निकलकर
पवित्र गंगा, जमुना ,
नर्मदा का एक विशाल तट
अपने संग बनाती हैं,
और समेट लेती है
तमाम किनारों की
विसंगति और समाजिक बुराइयों को,
और अपने में
समाहित कर प्रवाहित
कर शुद्ध कर देती है
निश्छल जल की तरह।
स्त्री भी दो वंशों को
आत्मसात कर पति के
तमाम कर्तव्यों का बोध

संजीव

# प्रदूषण स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन

**विजय गर्ग**

**पंजाब** और हिमाचल में आई बाढ़ ने हमें बता दिया है कि पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करना कितना महंगा है। प्रदूषण मुक्त वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार बनता है। बेशक, यह संभव नहीं है कि किसी को कोई बीमारी न हो, लेकिन अपने आस-पास साफ-सफाई रखकर हम काफी हद तक बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। बीमारियाँ न केवल शारीरिक रूप से कष्टकारी होती हैं, बल्कि चिकित्सा व्यय के मामले में भी परिवारों को प्रभावित करती हैं। छाती, फेफड़ों की बीमारी, किडनी, लीवर की विफलता, हृदयआंखों के रोग, नेत्र रोग और सबसे भयानक रोग कैंसर पर्यावरण प्रदूषण का ही परिणाम है। पर्यावरण का क्षरण मानव जीवन के लिए खतरा है। वायु प्रदूषण देश के लिए मुसीबत बन गया है. अब यह सिर्फ सर्दियों में ही नहीं बल्कि साल भर की समस्या बन गई है। देश में सबसे खराब स्थिति दिल्ली-एनसीआर की है. शिकागो विश्वविद्यालय ने वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक 2022 नामक एक रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक बांग्लादेश के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित देश है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर प्रदूषण का स्तर ठीक हो जाता हैयदि यह इससे अधिक है तो इसका वहां रहने वाले लोगों की उम्र पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता है? प्रदूषण के कारण दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों की जीवन प्रत्याशा औसतन 10 साल कम हो रही है। अध्ययन में दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है. जनसंख्या और शहरीकरण बढ़ने से पर्यावरण में असंतुलन महसूस होने लगा है। पिछले कई वर्षों में, जलवायु परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं क्योंकि सर्दियाँ कभी-कभी सामान्य से छोटी और हल्की होती हैं और गर्मियों में भारत के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है।ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमालय से बर्फ पिघलने में तेजी आने लगी है। वर्ष 2000 तक जो ग्लेशियर 22 सेमी प्रति वर्ष की दर से पिघल रहे थे, वर्ष 2000 के बाद वे 43 सेमी प्रति वर्ष की दर से पिघलने लगे हैं, यानी पहले से दोगुना। ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके कारण पृथ्वी का तापमान 1.5 सेल्सियस की दर से बढ़ने लगा है। भारत में मानसून के आगमन और प्रस्थान के समय में भी बदलाव देखा गया है। बाढ़ से होने वाला विनाश भी पर्यावरणीय क्षरण के कारण होता है। पेड़ों की सरसराहटपेड़ों की कटाई के कारण ही हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग वायु गुणवत्ता के मानक को मापने के लिए किया जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, 0-500 को छह अलग-अलग स्तरों में विभाजित किया गया है जैसे 0-50 को मनुष्यों के लिए अच्छी वायु गुणवत्ता माना जाता है जबकि 51-100 संतोषजनक है, 101-200 मध्यम है, 201 -300 का स्कोर बहुत खराब माना जाता है। , 301-400 बहुत खराब है, और 401-500 का स्कोर बहुत खराब है।

## विचार

# दुनिया अब मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ चली है

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर कोरोना महामारी के दौरान करीब करीब हर देश के स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, विज्ञान सहित अनेक तकनीकें भी पीड़ितों और मृतकों की संख्या कम नहीं कर पाई। याने सभी तथाकथित सुदृढ़ संसाधन इस महामारी के सामने पंगु नजर आए। परंतु इसमें हमने एक बात नोट किए कि लगभग सभी देशों नें मिलकर दवाइयां, मेडिकल, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, खाद्य सहित अनेक क्षेत्रों की सहायता कुछल कल्याणकारी मानवीय चैन बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, एक दूसरे की मदद कर रहे थे। भारत में भी करीब 150 देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की तो भारत को भी भारी विपत्ति के समय विकसित और विकासशील देशों द्वारा मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की मदद की गई थी। यह बात हम आज इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत में 9-10 सितंबर जी-20 शिखर सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम शुरू है। इसके पहले 5-7 सितंबर 2023को आसियान शिखर सम्मेलन, इसके पहले जी-10, शंघाई इत्यादि शिखर सम्मेलनों सहित अनेक वैश्विक शिखर सम्मेलनों में एक बात उभर कर आई है कि मानवीय मूल्यों पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। चूंकि भारत आदि अनादि काल से मानवीय मूल्यों की तरफदारी करता रहा है, अब इसमें चार कदम आगे बढ़कर जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है की थीम बनाकर अब जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का काम जोरों पर किया जा रहा है। इसपर पूरी दुनियां को साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है,जिससे वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपरीताओं से निपटने के लिए मजबूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित किया जाना चाहिए। चूंकि अब पूरी दुनियां का अब वसुधैव कुटुम्बकम पर ध्यान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्मससे सशक्तकल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत की आदि अनादि काल से सोच और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दृष्टिकोण की करें तो, वसुधैव कुटुम्बकम, हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है।यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा,भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 7 सितंबर 2023 को व्यक्त किए गए अपने विचारोंकी करें तोजलवायु परिवर्तन केकारण खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तरपर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।उदाहरण के लिए, दुनियां भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है,उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारतीय वैदिक श्लोक और सनातन धर्म सर्वाधिक प्राचीन

**संजीव**

**भारत** में वर्तमान में सनातन धर्म और उसके अस्तित्व को लेकर विवादित राजनैतिक बयान दिए जा रहे हैं, यह निश्चित तौर पर बयान देने वाले लोगों का अल्प ज्ञान और ज्ञानहीन होना ही प्रमाणित करता है । खैर मैं विवादित बातों में नहीं उलझना चाहता हूं पर यह तथ्य सर्व विदीत एवं अवार्चीन कल से स्थापित है कि भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा धर्म और उसके ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। हमें अपनी वैदिक सनातनी परंपराओं शिक्षा के विराट स्वरूप एवं संस्कृति पर सदैव गर्व होना चाहिए। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है' शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है।

# खाना खाओ धोखा नहीं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चित्रगुप्त के** आदेशानुसार नरकलोक के सिपाही एक व्यापारी की आत्मा अपने संग ले नरक की ओर चल पड़े। मार्ग में स्वर्गलोक के सिपाही उसी आत्मा के लिए नरकलोक के सिपाहियों से भिड़ पड़े। झगड़ा इतना बढ़ गया कि मामला यमराज के पास पहुंचा। यमराज ने दोनों पक्षों की बहस सुनी। वे भी धर्म संकट में पड़ गए। अंत में व्यापारी पर ही किसी एक लोक को चुनने का भार छोड़ दिया। इसके लिए व्यापारी को एक दिन नरक और दूसरे दिन स्वर्ग में रहने के उपरांत उसे जो लोक अच्छा लगेगा वहां पर आजीवन रहने की छूट दी। यमराज के फैसले का पालन करते हुए नरकलोक के सिपाही व्यापारी को सबसे पहले नरकलोक ले गए। भीतर जाते ही उसे उसके पुराने मित्र मिल गए। आश्चर्य की बात तो यह थी कि नरकलोक एक दम भूलोक जैसा था। व्यापारी अपने मित्रों के साथ भूलोक पर जिस तरह से अय्याशी करता था ठीक उसी तरह का वैभव यहां उपलब्ध था। उसने अपने एक दिन रहने का पूरा-पूरा लुत्फ उठाया। दूसरे दिन व्यापारी को स्वर्गलोक ले जाया गया। वहां पर भी उसके कुछ मित्र जो उससे पहले मरचुके थे, उपलब्ध थे। वहां के वातावरण में मनोरम शांत संगीत, दीप-दीप-नैवेद्य की सुगंध, पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन आदि आध्यात्मिक क्रियाकलाप अपनी छाप छोड़ रहे थे। व्यापारी का पूरा दिन पूजा-पाठ में बीता। दो दिन के बाद व्यापारी को यमराज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अब व्यापारी धर्म संकट में था। दोनों लोकों में उसके मित्र थे। अब वह करें तो क्या करें अंततः उसने नरकलोक का चुनाव किया। उसे इस बात की अत्यंत प्रसन्नता थी कि भूलोक और नरकलोक में कोई अंतर नहीं है। भूलोक पर जैसा जीवन व्यतीत करता था उसी तरह का जीवनयहां व्यतीत करने का उसे सुअवसर मिला। अगले दिन व्यापारी की इच्छा अनुसार उसे नरकलोक ले जाया गया। वहां का दृश्य देखकर उसकी आंखें फटी की फटी रह गई। उसने देखा कि नरक के प्रवेश द्वार पर फूहड़ नाला बह रहा था। कल तक जिन मित्रों ने उसे चमक-धमकदार कपड़ों में हंसते हुए स्वागत किया था आज वही गंदे-मलीन कपड़ों में रो-रोकर उसे जाने के लिए कह रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### धान के अवशेष जलाने वाले किसानों की निगरानी के लिए कमेटी बनेगी: डा.आनंद

**गन्नौर। ग्राम स्तर** पर कमेटियों का उपनिदेशक कृषि विभाग सोनीपत डा. पवन के आदेशानुसार गठन कर दिया गया है। जो गांवों में जाकर धान की फसल अवशेष ना जलाने बारे किसानों को जागरूक करने के साथ फसल अवशेष जलाने वालो पर निगरानी रखने के लिए टीम बनाएगी। टीम फसल अवशेष जलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार करवाई भी करेगी। खंड कृषि अधिकारी डा. आनंद सिंह ने बताया कि धान की फसल की कटाई अब शुरू हो जाएगी। उसके बाद कोई भी किसान भाई अपने खेत में फसल अवशेषों को ना जलाए। कृषि विकास अधिकारी डॉ विनय कांत ने बताया कि किसान भाई आधुनिक कृषि उपकरणों जैसे पैडी स्ट्रा चौप्पर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर व बेलर आदि की सहायता से खेत में ही अवशेषों का उचित प्रबन्धन कर सकते है या अवशेषों को खाद के रूप में परिवर्तित कर सकते है।

**गेहूं की नई किस्में के लिए किसान रजिस्ट्रैशन करवाए**

खंड कृषि अधिकारी डा. आनंद सिंह ने कहा कि गेहूं अनुसन्धान केंद्र करनाल में गेहूं की नई किस्मे डीबीडब्ल्यू 370, 371, 372, 316, 55 का बीज वितरण किया जाएगा जिसके लिए किसानों को अनुसन्धान संस्थान के बीज वितरण पोर्टल पर 15 सितंबर से पंजीकरण करवाना पड़ेगा यह सुविधा पहले आओ पहले पाओ पर आधारित होगी व अधिकतम 10 किलो बीज एक किसान ले सकता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर स्वयं सबसे पहले चाँद पर जाकर रोजगार ढूंढे'

**प्रदर्शन**

▶▶ प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को चंद्रयान-4 का डेमो भेंट किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा युवा** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल निवास पर चंद्रयान-4 भेंटकर उन्हें नसीहत दी है कि वह खुद चंद्रयान में बैठ चाँद पर जाकर रोजगार की तलाश करें, क्योंकि अब हरियाणा की जनता उनसे दुखी हो चुकी है व उनसे छुटकारा चाहती है। बता दें कि दो दिन पहले मुख्यमंत्री ने एक महिला को रोजगार की माँग करने पर उसे चंद्रयान में बैठाकर चाँद पर भेजने की नसीहत दे डाली। करनाल में दिव्यांशु बुद्धिराजा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को चंद्रयान-4 का डेमो भेंट किया। बुद्धिराजा ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर प्रदेश के सबसे फ्लाप मुख्यमंत्री साबित हुए हैं, जो कि युवाओं को रोजगार देना तो दूर की बात, बल्कि इस प्रकार के ब्यान देकर उनके जख्मों पर नमक छिडकने का काम



कर रहे है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चाँद पर महिलाओं को रोजगार देने की बात कहकर महिलाओं का भी अपमान किया है, लेकिन उनके लिए महिलाओं का अपमान कोई नई बात नहीं है। हरियाणा की एक महिला कोच से छेड़छाड़ करने वाले मंत्री संदीप सिंह को बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने ऐड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। चार्जशीट में अहम खुलासे होने के बाद भी संदीप सिंह का इस्तीफा नहीं लिया गया। एक सरपंच के ऊपर अटैक हुआ और सरपंच की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए सीएम के पैरों में अपना दुपट्टा तक डाल दिया, लेकिन सीएम ने महिला को बाहर निकाल दिया। इस अवसर पर नरेंद्र बजाज प्रभारी युवा कांग्रेस करनाल, सिकन्दर संधू, सोमिल संधू, मनिंदर सैटी जिला अध्यक्ष, आशु नंबरदार, मुकेश चौधरी, रोहित शयोराण, योगेन्द्र राणा, साहिल शर्मा, अंशुल लाठर, सागर चड्ढा, ईशान शर्मा और रॉकी राणा आदि मौजूद रहे।

## करनाल को सीएम सिटी बोला जाना सरासर गलत: कुलदीप शर्मा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा विधानसभा** के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा ने सीएम सिटी शब्द पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को करनाल पहुंचे कुलदीप शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि बार-बार करनाल को सीएम सिटी बोला जाता है। यह सरासर गलत है, क्योंकि करनाल मुख्यमंत्री का कार्य क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि करनाल में सीएम आवास बनाया जरूर गया है, लेकिन उस पर भी ताला लगा रहता है। यहां सीएम मनोहर का खुद का कोई घर नहीं है। वहीं उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चार दिन पहले चले लात-घूंसों के सवाल पर कहा कि कांग्रेस का कुनबा बढ़ता जा रहा है। ये छोटी-मोटी बात तो होती रहती है। कांग्रेस एक है। कुलदीप शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासन काल में भ्रष्टाचार कई गुणा बढ़ चुका है। हालात यह है कि करनाल में तहसीलदार ही नहीं है। जब पूछा गया कि यहां तहसीलदार क्यों नहीं है तो पता चला कि करनाल के लिए कोई ईमानदार तहसीलदार नहीं मिल रहा है, जिसको ढूंढ रहे हैं। जनता परेशान है और हाथों में कागज उठाए घूम रही है, जबकि पोर्टल पर काम आसान होना चाहिए था।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले के गांव** स्टोंडी के पास एक बाइक सवार किसान को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर दे मारी, जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीर जब सडक से गुजर रहे थे तो उन्होंने किसान के शव को धान के खेत में पड़ा हुआ देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक 48 वर्षीय जोगिन्द्र निवासी स्टोंडी के चचेरे भाई सतीश कुमार ने बताया कि जोगिन्द्र अविवाहित था। उसने कुछ समय पहले ही दो नई कंबाइन ली थी। शुक्रवार को कंबाइन धान को काटने लिए



खेत में जा रही थी। इस दौरान रास्ते में 11 हजार वाल्ट की तारें थी। अगर वहां से कंबाइन निकलती तो कोई बडा हादसा हो

## 'भाजपा सरकार महिलाओं का अपमान करने में माहिर'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पूर्व विधायक सुमिता** सिंह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और इस लहर में मौजूदा सरकार का आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। सुमिता सिंह ने न्यू रमेश नगर व चांद सराय में जनसंपर्क दौरे के दौरान आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 10 सितंबर को होने जा रहे जन मिलन कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इस जन मिलन कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा जनता से रूबरू होंगे। 10 सितंबर को



करनाल के एसबीएस मॉडल स्कूल रेलवे रोड में शाम 4 बजे जनता से मिलेंगे। वह जन शिकायतों व समस्याओं को सुनने के लिए आ रहे हैं। आप जन मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बात रख सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन गलत नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है और कांग्रेस शासनकाल को याद कर रहा है। लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार एको बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से रोजगार की मांग पर महिला को अगले चंद्रयान के साथ चांद पर भेजने की बात कही। भाजपा सरकार में रोजगार मांगना गुनाह है, यह महिलाओ के साथ अपमान है। सुमिता सिंह ने कहा कि सरकार आसमान छूती महंगाई से कराह रही जनता को राहत देने की बजाय पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं पर टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही है। दूसरे प्रदेशों से यहां रहने आने वाले मजदूरों, कर्मचारियों का कमजोर वर्ग के लोगों के लिए दो वक्त की रोटी भी जुटा पाना एक संघर्ष हो गया है। बावजूद इसके भाजपाई विकास की बड़ी-बड़ी बातें करके लोगों को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर सरकार की विफलता और उसकी अत्याचार जनता में रोष की वजह बने हुए हैं। हरियाणा में चारों तरफ अपराध का बोलबाला है।

## आठ दिवसीय रासलीला में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़ । शहर** के करेलिया बाजार में स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला के प्रांगण में चल रही आठ दिवसीय रासलीला के सातवें दिन वीरवार रात्रि की रासलीला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठेकेदार सुजान गुप्ता एवं श्रीमती मंजू गुप्ता सपरिवार थे जबकि अध्यक्षता हिमांशु चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील निम्भेड़िया, सुनील जिन्दल एवं सौभाग्य गुप्ता भी वहां पहुंचे। सभी



भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था विवेक मेहता एवं कुसुम मेहता की ओर से की गई।सभी अतिथियों द्वारा रासलीला का उद्घाटन करते हुए दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद राधाकृष्ण की भव्य पूजा की गई और जयरामदास सेवा समिति के द्वारा सभी का फूल माला,पटके एवं स्मृति चिन्ह आदि से भव्य स्वागत किया गया।

## निर्मल विहार में खाली प्लाट में मिला नवजात बच्ची का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। निर्मल विहार** में एक खाली प्लाट में नवजात बच्ची का शव मिला है। बच्ची को कौन फेंककर गया है? उसकी पहचान के लिए पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। बच्ची को कपड़े में लपेट कर खाली प्लाट में फेंका गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने देर रात को ही नवजात के शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए कल्पना चावला मेडिकल स्थित मॉच्युर्री हाउस में रखवा दिया है।

## स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी । महिला एवं बाल** विकास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निदेर्शानुसार बच्चों के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की कड़ी में आज जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की कड़ी में आज तिगरा, सागरपुर, आजमाबाद मौखुता, निजामपुर, मंढाणा, सेका, दौंगड़ा अहीर, बेवल, भुंगारका व ढाणी बाठौठा स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से बाल संरक्षण अधिकारी सुषमा यादव, संतोष कुमारी, गरीमा वर्मा, कमल व मनोज ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि बाल अपराध, अपहरण व यौन शोषण जैसी बढ़ती आपराधिक घटनाओं से बचाने के लिए अध्यापकों और परिवारजनों को इसके बारे में बच्चों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि जब इसके बारे में बच्चे सचेत, समझदार व अपने-पराए की पहचान करने के बारे में जागरूक होंगे तभी वह इस प्रकार की घटनाओं से अपना बचाव कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने पोक्सो एक्ट-2012, जेजे एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व बच्चों से जुड़ी अन्य स्कीमों के बारे में जागरुक किया।

## बनवारी तेरी यारी ने दीवाना बना दिया... भजन सुनकर झूम उठे श्रद्धालु

### जनता ने सेवक चुना तो आपका बेटा सदैव समाज की सेवा के लिए समर्पित रहेगा : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शिव मार्केट** कमेटी की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी प्रधान सुरेंद्र जाग्या ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने ज्योत प्रचंड कर किया। इसके उपरांत भजन गायक अंशुल जिंदल व मुकेश ने श्री कृष्ण महिमा में सुंदर भजनों का गायन किया गया। बनवारी



तेरी यारी ने दीवाना बना दिया... भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। सभी ने श्री कृष्ण जन्म का आनंद प्राप्त किया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि हम सबको भगवान श्री कृष्ण के बताए रास्ते पर चलकर ईमानदारी, मेहनत और सच्चाई से अपना कर्म करना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने कादियान को भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नंद किशोर छाबड़ा, कृष्ण ढींगड़ा, विक्की खुराना, बिल्लू सैनी, सन्नी बजाज, सुनील, विनोद जिंदल, प्रवेश मदान, अंशुल, प्रवीन मदान, भूषण हसीजा, राजपाल, दिनेश, सचिन वाधवा आदि मौजूद रहे।

## पोषण और खाने की आदतों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/राई। केंद्रीय विद्यालय** ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा में पोषण माह में विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है। विद्यालय में विभिन्न जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय ने फिजियोथैरेपिस्ट एवं योगाचार्य पूजा रानी ने शिरकत की। उन्होंने पोषण और खाने की आदतों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव, पोषण विषय पर विद्यार्थियों से बातचीत की। डा. ने बताया कि शरीर की मांसपेशियों के लिए प्रोटीन,हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम और विटामिन डी, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और बीमारियों से बचने के लिए विटामिन और मिनरल्स का



महत्वपूर्ण योगदान है। उपरोक्त सभी मिनरल्स एवं विटामिन के लिए किसी महंगे भोजन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि पोषक तत्वों की कमी और अधिकता दोनों से शरीर के में बीमारियां पैदा होती है। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज तथा बिना दवाइयों के बीमारियों को ठीक करने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य अमन गुप्ता ने डा. का आभार जताया।

## बेगा गांव मेंगुरनाम सिंह चढूनी ने सुनी किसानों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारतीय किसान** यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी शुक्रवार को बेगा गांव की सैन समाज चौपाल में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर सरपंच सुरेंद्र कुमार, आशू चौहान, यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल सहित ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने किसानों की समस्याएं सुनी। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीपी गोरखपाल राणा से गांव में पहुंचने की अपील की। जिसके के बाद एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीपी गोरखपाल राणा मौके पर पहुंचे। जिसके बाद गुरनाम सिंह चढूनी ने ग्रामीण



किसानों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा तो अधिकारियों ने किसानों की जायज मांग को पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया।

**ग्रामीण किसानों ने यह रखी समस्याएं**

भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह के समक्ष स्थानीय किसानों ने बेगा गांव में ठोकर नंबर 9 के निकट नाला बना है जिसमें आए दिन पशु गिर कर हादसों को शिकार हो रहे हैं। वहीं यमुना के तटबंध के अंदर जमीन में सरकार द्वारा मुआवजा नहीं दिया जाता, जबकि सरकार द्वारा वहां बिजली कनेक्शन दिए जाते हैं और रजिस्ट्रियों के माध्यम से राजस्व भी एकत्रित किया जाता है।

अब किसानों की जमीन कट कर यमुना में बह चुकी है, जिससे स्थानीय किसानों को नुकसान हो रहा है। बेगा व चंदौली गांव की करीब 500 एकड़ भूमि देह शामलात की है, जिनकी सरकार ने रजिस्ट्रियां बंद कर दी हैं। जब वे अधिकारियों से इस संबंध में पूछते हैं तो अधिकारी कहते हैं कि यह रजिस्ट्री मुख्यमंत्री द्वारा बंद कर दी गई है। इसके अलावा कई समस्याएं किसानों द्वारा गुरनाम सिंह के समक्ष रखी गई।

## न्यूज फ्लैश

### समूचे ब्रज में रही नंदोत्सव की धूम

-मंदिरों में लुटे उपहार, श्रद्धालु हुए भावविभोर

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

नवमी को समूचे ब्रज में नंदोत्सव की धूम रही। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान, द्वारकाधीश, वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी, महावन के चौरासी खंभा, नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन के प्रसिद्ध मंदिरों सहित ब्रज के समस्त मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालु नंदोत्सव के साक्षी बने। चहुंओर सेवाभावी भक्तों ने प्रसाद कड चावल का वितरण किया। बांकेबिहारी मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त की पूर्व बेला में हुई मंगला आरती के बाद सुबह नंदोत्सव शुरू हुआ। मंदिर परिसर ठाकुर बांके बिहारी लाल के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान होता रहा। बाल गोपाल के दर्शन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर के सेवायतों ने श्रद्धालुओं पर खेल खिलौने, फल फूल, मिठाई, आभूषण इत्यादि लुटाए। उन्होंने बताया कि नंद बाबा के घर जो आनंद हुआ है, उसकी खुशी मनाई जा रही है। कान्हा की नगरी श्री धाम वृन्दावन के सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष में बड़े ही धूमधाम के साथ नंदोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही इस मौके पर ठाकुर राधा दामोदर लाल ने मयूर भेष धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के बड़े गुसाई महाराज आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी के द्वारा की गई। मंदिर के श्री अंग सेवक दामोदर चंद्र गोस्वामी ने भक्तों को बधाई लुटाई। जिसमें खिलौने, बिस्कुट, टॉफी, कपड़े, फल आदि लुटाए। वहीं भव्य नंद उत्सव के बाद में ब्रज की गोपियों और ग्वाल बालों ने लाला की छिछी की स्वरूप हल्दी और दही का मिश्रण लुटाया गया। साथ ही ब्रज की गोपियों के द्वारा नंद के आनंद भयो जय हो नंदलाल की , कान्हा जन्म सुन आई यशोदा मैया दे दे बधाई आदि बधाइयों का गायन किया गया। वहीं इस मौके पर बोलते हुए दामोदर चंद्र गोस्वामी ने बताया कि आज मंदिर परिसर में हम ब्रजवासियों के लाला भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा का पंचामृत एवं अन्य जड़ी बूटियों से अभिषेक किया गया और भक्तों में लाल के जन्मोत्सव की बधाई बांटी गई है। जिसमें ब्रज की गोपियों के द्वारा बधाई गायन किया जा रहा है और साथ ही ब्रज ग्वाल बालों के द्वारा नंदोत्सव की बधाई लूटी जा रही है। यह उत्सव सभी सनातनी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाते है। इस उत्सव की झलक पाने के लिए कान्हा की नगरी श्रीधाम वृंदावन में दूर दराज से लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचते हैं। मथुरा वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। ब्रज नगरी में इस उत्सव की एक अलग ही धूम होती है। हर घर में बधाई गायन और नंदोत्सव का आयोजन किया जाता है। स्मपूर्ण मथुरा वृंदावन नगरी को दुल्हन की तरह सजाया जाता है।

### बच्चों ने रखा कृष्ण राधा के स्वरूप

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

राया में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने व्रत रखकर लड्डू गोपाल जी का दूध दही शहद पंचामृत से अभिषेक कर नयी नई आकर्षक पोशाक धारण कराई। रात्रि को 12 बजते ही रेतिया बाजार ठाकुर राधा गोपाल जी मंदिर, बांके बिहारी जी मंदिर पर शंखनाद कर घण्टे घड़ियाल भजन कीर्तन के साथ श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर नन्द के आनन्द भये, जय कन्हैया लाल की आदि बधाई गायन हुआ और प्रसाद वितरित किया गया। इससे पूर्व घर घर में श्रीकृष्ण ने देर रात्रि जन्म लिया। जन्मोत्सव की खुशी में बच्चों ने राधा कृष्ण के स्वरूप धारण कर कान्हा के जन्म की खुशी में शामिल हुए। सुबह से ही नन्हे मुन्ने बच्चों के राधा कृष्ण की आकर्षक फैंसी ड्रेस में फोटो और वीडियो में सोशल मीडिया भी खूब पर छाए रहे।

### नशीले पाउडर के साथ दो पकडे

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

कोसीकलां पुलिस ने दो अभियुक्तों को नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार के मुताबिक चैकिंग नंगला परसादी के बम्बे की पुलिया से 140 ग्राम नशीला पाउडर एल्प्राजोलम के दीपक उर्फ निरंजन पुत्र राधेश्याम निवासी हसनपुर चैक थाना होडल जिला पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे व्यक्ति को गांव नवीपुर तिराहे से करीब 50 मीटर नवीपुर की तरफ से दीपक पुत्र प्रकाश निवासी भडोकर थाना बरसाना को 120 ग्राम एल्प्राजोलम के गिरफ्तार किया गया है।

### फुटपाथ पर मिला युवक का शव

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

गोविंद नगर क्षेत्र अंतर्गत एक विकलांग युवक का शव शुक्रवार की सुबह मिला। पुलिस को सूचना मिली कि गोविंद नगर क्षेत्र में पेट्रोल पम्प के समीप एक युवक का शव पडा हुआ है। युवक की उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच है। युवक ने पेंट शर्ट पहन रखे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। युवक का शव फुट पाथ पर पडा हुआ था।

# मथुरा में कान्हा जन्म लियो, गोकुल मैं बजे नगाड़े री मैं पुरानन में सुन आई

## -गोकुल में धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव, उल्लासित हुए श्रद्धालु

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

यशोदा जायो ललना मैं वेदन में सुन आई, मैं वेदन में सुन आई, पुरानन में सुन आई। मथुरा में कान्हा जन्म लियो, गोकुल मैं बजे नगाड़े री मैं वेदन में सुन आई। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी की आधी रात को मथुरा में कंस के कारागार में जन्मे कान्हा के जन्म की खुशियां नवमी को दिन में गोकुल में मनाई गई। मध्य रात्रि तक कान्हा के अवतरण की अधीरता से प्रतीक्षा करते रहे श्रद्धालु मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने



के बाद रात में गोकुल की ओर प्रस्थान करने लगे थे। श्रद्धालुओं की अधीरता अब कान्हा के जन्म की खुशियों में शामिल होने को लेकर थी। नंद भवन और नंद चौक पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड जुटने लगी थी। चहुंओर कान्हा के जन्मोत्सव का उल्लास था हर कोई कान्हा के जन्म की खुशियों में शामिल होने को उत्सुक दिन रहा था। समूचे ब्रज में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। मुख्य आयोजन गोकुल के नंद चौक पर हुआ। लाला के जन्म की बधाई गई गईं और खुशी में उपहारों लौटाये गये। सुबह नंद भवन से बैंड बाजों की धुन पर डोला निकला तो डोले के पीछे उत्साह से लबरेज श्रद्धालु नंद चौक की ओर चल पडे। बैंड बाजों की मधुर धुनों पर थिरकते हुए भक्त डोले के साथ नंद चौक पर पहुंचे। यहां पहले से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा था। नंद चौक पर माता यशोदा और नंद बाबा के साथ नन्हे कान्हा विराजे तो इस अद्भुत क्षण का साक्षी बन श्रद्धालु धन्य हो गये। दधिकांधा की छींटों के लिए श्रद्धालु मचल रहे थे। एक साथ हाथ उठाकर नंद के आनंद भयो जै कन्हैया लाल की, हाथी दीने घोडा दीने और दीनी पालकी गा उठते तो नंदबाबा अपने हाथों से उपहारों की बरसात कर देते। प्रसाद रूपी उपहार लूट कर श्रद्धालु हमेशा के लिए इस उपहार को संजोये रखने की मंशा से अपने पास रख लेते। यह क्रम लम्बे समय तक चला।

## पत्नी, बेटी के साथ वृंदावन पहुंचे सांसद मनोज तिवारी



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित राधा किशोरी धाम आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में शामिल होने आए दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहुंचे। साथ ही सांसद मनोज तिवारी ने आश्रम में पहुंचकर महामंडलेश्वर इंद्रदेवेश्वरानंद महाराज से आशीर्वाद लिया और मंच पर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए, तो अपनी आवाज के जादू से देशभर से आए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आज मैं भगवान श्री कृष्ण की नगरी पहुंचा और मैंने अपने आप को आज धन्य किया है। वैसे तो कई बार मैं वृंदावन आ चुका हूं, लेकिन इस बार भगवान श्री कृष्ण के न्मोत्सव पर पहुंचा हूं। यह मेरे लिए बड़ा ही सौभाग्य का विषय है।

## बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर सहमत नहीं स्थानीय लोग

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

वृंदावन में प्रस्तावित ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खास कर वह लोग जिनके मकान और दुकान सर्वे की जद में आये हैं, वह इस प्रोजेक्ट को लेकर घोर आपत्ति जता रहे हैं। इन लोगों के कई आरोप हैं जिसमें प्रमुख आरोप यह लगाया जा रहा है कि उनके मकान दुकान चिन्हित कर लिये गये हैं लेकिन उनके साथ किसी ने बात तक करने की जहमत नहीं उठाई है। विद्यापीठ चौराहा गांधी मार्ग वृंदावन निवासी डा.सत्यनारायण सिंह ने भारत के मुख्य न्यायाधीश, एवं हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीधाम वृंदावन में ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत मेरे मकान सरकार द्वारा कराये गये सर्वे के दौरान चिन्हांकित किया गया है। मेरे साथ अन्य सभी प्राचीन निवासियों के पूर्वज पिछले करीब 400 से 500 वर्ष से यहां रहते चले आ रहे हैं। वर्तमान में हम यहां रह रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा प्रस्तावित कॉरिडोर के संबंध में आज तक कोई भी चर्चा हम स्थानीय निवासियों के साथ नहीं की गई है। पूर्व में भी वृंदावन का विकास सडक के दोनों और 30-30 फुट मकानों और दुकानों को तोडा गया था। विकास के नाम पर 100 साल से भी अधिक पुराने मकान और दुकान तोड दिये गये थे। तमाम लोगों को बेरोजगार बना दिया गया था। इस तरह की आशंकाएं तैर रही हैं कि एक बार फिर बडी संख्या में लोगों को उजाडा जाएगा जो वर्षों से यहां रह रहे हैं। यहां 25 साल से विकास के नाम पर तोड़फोड़ हो रही है।

अब वर्तमान सरकार ने विकास के नाम पर किरिडोर की बात कही है। अतः बांके बिहारी कॉरिडोर पर मेरी विशेष और आपत्ति और असहमति है। अतः जनहित में इस प्रोजेक्ट को निरस्त किया जाए।

## देवेन्द्र ने जीता पब्बीपुर प्रधान पद का चुनाव

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

मांट क्षेत्र की ग्राम पंचायत पब्बीपुर में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में देवेंद्र ने अपने निकटतम प्रत्याशी राम प्रसाद को हटा कर प्रधानी का चुनाव जीत लिया।

ग्राम पंचायत पब्बीपुर की वोटिंग 1002 थी जिसमें से 671 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कुल पड़े मतों में से देवेन्द्र को 399 व रामप्रसाद को 256 वोट मिले। जबकि मतगणना के दौरान 16 मतों को निरस्त घोषित किया गया। पब्बीपुर ग्राम पंचायत का प्रधान पद निवर्तमान ग्राम प्रधान किरोरी लाल के निधन के बाद रिक्त हो गया। शुक्रवार को तहसीलदार मांट एवं शाशी कुमार, निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र तथा एडीओ पंचायत दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में मतगणना का कार्य पूरा हुआ।

## 17वें दिन भी जारी रहा किसानों का आंदोलन



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

उत्तरी बाईपास को लेकर चल रहा किसानों का आंदोलन 17वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने ऐलान किया है कि शनिवार को वह यमुना एक्सप्रेस वे पर चढ कर ऐलान करेंगे। किसानों का आरोप है कि मथुरा प्रशासन किसानों को प्रति संवेदनशील नहीं है। प्रशासन को जगाने के लिए शनिवार को किसान पैदल कूच करते हुए यमुना एक्सप्रेस वे पर चढ़ेंगे। पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहेंगे। इस बात को स्पष्टीकरण करते हुए भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार व मंडल प्रमुख महासचिव जगदीश परिहार ने मथुरा प्रशासन ने कहा कि किसान विरोधी सरकार में प्रशासन ने किसानों की बात सुनना बंद कर दिया है। इस अवसर पर भाकियू प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा, प्रचार मंत्री आगरा मंडल गिर्राज परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश कोयण, तहसील अध्यक्ष महावन रामगोपाल तोमर, ग्राम अध्यक्ष जादोंपुरबीदा लाल, डॉ राजेन्द्र परिहार, गनेशी परिहार, वरिष्ठ कार्यकर्ता वेदांत उपाध्याय, लालाराम, मेम्बर,देवेंद्र सरपंच, कोमल सिंह, नेत्रपाल प्रधान, राजू प्रधान, विनोद आदि मौजूद रहे।

# भारत बनाम इंडिया के बीच किसान बोले इन मुद्दों पर हो बात!

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

भारत बनाम इंडिया जैसे विषयों पर हो रही चर्चा के बीच किसानों ने सरकार और विपक्ष को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरनाम सिंह चढ़ूनी के निर्देश पर किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सभी प्रदेशों के जिला मुख्यालयों पर जुलूस निकाल कर वहां के जिलाधिकारियों को राष्ट्रपति एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

उसी कड़ी में मथुरा जनपद में भी 11 सितंबर समय 11 बजे भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाल कर एक ज्ञापन जिलाधिकारी मथुरा को सौंपेंगे।

**ज्ञापन**

**- 11 सितंबर को भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन**

जिसमें मांग की जाएगी कि किसानों के लिए एमएसपी पर गारंटी कानून बने, इसके लिए किसान लंबे समय से आन्दोलन करते आ रहे हैं। युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। किसान मजदूर कर्ज मुक्त हो सके इसके लिए कार्य योजना बनाई जाए। देश में बेरोजगारी गंभीर संकट बन कर उभरी है। बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। बाढ़ से जिन किसानों मजदूरों के मकान, पशु की हानि हुई है उनको आर्थिक सहायता दी जाएं। 15 सितंबर से धान की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। आवारा निराश्रित गोवंश से स्थाई समाधान कराया जाए। फसल के समय विद्युत कटौती बंद हो और कम से कम 18 घंटे बिधुत आपूर्ति दी जाए। नहर रजबाह सूखे पड़े हैं, उनकी सिल्ट सफाई कर टेल तक पानी की आपूर्ति की जाए तथा टूटी पटरी व पुलों की मरम्मत व निर्माण कराया जाए, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा को लागू किया जाए। जनपद में खारे पानी की गंभीर समस्या है, ग्रामीणों को भी मीठा पानी उपलब्ध कराया जाएं। फसल के समय किसानों को डीएपी यूरिया आदि समय पर उपलब्ध कराये जायें। खाद बीज की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जाए। बिजली के जर्जर तार व खंभे बदल वाय जाएं। बैंकों में किसानों व उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भेदभाव शोषण व भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। तहसील कार्यालयों में दाखिल खारिज खसरा मूल निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र के नाम पर लेखपाल द्वारा की जा रही लूट खसूट बंद की जाए। कृषि मंडी स्थलों पर व्याप्त अव्यवस्था व भ्रष्टाचार को रोका जाए व किसान हित की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उद्यान विभाग में सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ आम किसानों को मिले ऐसी पारदर्शिता हो। चुनिंदा लोगों द्वारा किए जा रहे बंदरबांट पर रोक लगाई जाए। यमुना एक्सप्रेस वे के अंडर पास में भरे कीचड़ व पानी से निजात दिलाई जाए। यमुना एक्सप्रेस वे पर धार्मिक स्थलों को दर्शाने वाले स्थानों के बोर्ड वृंदावन से लेकर बलदेव तक लगाए जाएं। 10 साल से ज्यादा समय से जर्जर 25 किलोमीटर लंबे बलदेव कैलाश मार्ग का तत्काल निर्माण कराया जाय। उपर खंड सिंचाई विभाग के बरारी माइनर में टेल तक पानी उपलब्ध कराया जाए। दघेटा, मढ़ौरा आदि गावों में आधी अधूरी पड़ी चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल पूरा कराया जाय।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर छाता में निकली विशाल शोभायात्रा



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर पिछली वर्ष की भांति इस बर्ष भी यदुवंश शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभायात्रा यदुवंशी समाज द्वारा निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि कुं फाल्गुन उर्फ कान्हा व यदुवंश समाज के वरिष्ठ लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर बिहारी जी मंदिर से बैण्ड बाजों के साथ रवाना किया। चेयरमैन प्रतिनिधि फल्गुन उर्फ कान्हा ने बताया कि पिछले वर्ष से जादौन यदुवंशी इस शोभायात्रा को निकाल रहे है इस बार दूसरी शोभायात्रा निकाली गयी है। यह प्रयास सभी का कि हर वर्ष जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण शोभायात्रा निकाली जायेगी। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण की वंशावली पर विस्तार से भगवान व श्रीकृष्ण लीला कर शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा बिहारी जी मंदिर से चलकर कठमालिया थोक, बीच का थोक, हरनाथिया थोक, राहमन पाडा, सब्जी मंडी, ओल्ड जीटीरोड, गोवर्धन रोड, तहसील तिराहा, दिल्ली गेट, आगरा गेट, मैन बाजार होते हुऐ हनुमान बगीची पर समपन्न हुई। इस बार शोभायात्रा को देखने के लिए हजारों की संख्या में 52 गांवों के जादौन, यदुवंशी समाज की सरदारी ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

## लोक अदालत में 25843 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

शुक्रवार को लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय मथुरा, तहसील छाता न्यायालय व ग्राम न्यायालय मांट में किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा सहित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें। शुक्रवार को आयोजित विशेष लोक अदालत में 12077 लघु आपराधिक वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये, जिनमें से 10671 वादों का निस्तारण किया गया। छह से आठ सितम्बर तक प्रतिदिन लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालतों का आयोजन करते हुए कुल 25843 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्था में कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

रिफाइनरी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र रिफाइनरी नगर मथुरा द्वारा भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया. आयोजन का शुभारंभ संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बी के डॉ रतनमोहिनी दादी के शुभकामना संदेश से हुआ, जिसमें उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों की प्रासंगिकता पर बल दिया। आयोजन में श्री कृष्ण और ग्वालों की टोली



द्वारा मटकी फोड़ लीला का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा . तत्पश्चात सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा बहन ने मटकी फोड़ लीला का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि जब तक देह अभिमान रूपी मटकी तोड़ी नहीं जाती, तब तक ज्ञान रूपी माखन हमें मिल नहीं सकता.अपने सत्य आत्मिक स्वरुप की यथार्थ समझ द्वारा ही आत्मिक उन्नति हो सकती है और जीवन में सच्ची सुख शांति की अनुभूति की जा सकती है। आयोजन में श्रीराधा कृष्ण की सुंदर झांकी और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों को देखकर श्रोता गण मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे और पूरा सभागार अलौकिक आनंद की दिव्य अनुभूति में डूब गया। आशीर्वाद हॉस्पिटल से पधारी डॉ करुणा ने भारत को पुनः बैकुंठ पुरी बनाने हेतु भारत के प्राचीन राजयोग सीखने की अनिवार्यता पर बल दिया और बचपन से ही चरित्र निर्माण की शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.मथुरा रिफाइनरी मे सीनियर मैनेजर यस के मंडल और धर्मेंद्र जी ने बताया कि राजयोग द्वारा अपने संस्कारों को दिव्य बनाकर हम श्री कृष्ण पुरी मे चल सकते है।


# श्रीकृष्ण नित्य नाम, रूप एवं लीला संपन्न सर्वोपरि परम तत्व: चंचला पति दास

**प्राकट्योत्सव**

**-चंद्रोदय मंदिर में फूल बंगला, 56 भोग, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन रहा आकर्षण का केन्द्र**

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

वृन्दावन के भक्ति वेदांत मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर में गुरवार को लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के 5249 वे प्राकट्योत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी के पावन पर्व पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव के दौरान भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण में भव्य फूल



बंगला, झूलन उत्सव, छप्पन भोग, लड्डू गोपाल अभिषेक, भजन संध्या, महाभिषेक एवं हरिनाम संकीर्तन का वृहद आयोजन किया गया। चंद्रोदय मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्री श्री राधा वृंदावन चंद्र के महाभिषेक की प्रक्रिया को वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य, पंचगव्य दूध, दही, घी, शहद, मिश्री एवं 108 प्रकार के फलों के रस, विभिन्न जड़ी बूटियों एवं फूलों से संपन्न कराया गया। मंदिर के भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण को विभिन्न प्रकार के पुष्पों का चयन कर बड़े ही मनोहर रूप से सजाया गया। वहीं ठाकुर श्री श्री राधा वृंदावन चंद्र को भूरे रंग की रेशम एवं चांदी से कढ़ाई किए हुए वस्त्र धारण कराए गए। आज के इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण स्थित विलास कुंज गौशाला में गौमाता के समक्ष 551 प्रकार के विशेष रूप निर्मित व्यंजन का भोग अर्पित किया गया। मध्य रात्रि के 12 बजे श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तब भगवान के नाम के जयकारों से सारा चंद्रोदय मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। भगवान श्रीकृष्ण के इस अवतरण दिवस पर आयोजित उत्सव में भाग लेने हेतु आगरा, लखनऊ, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब आदि प्रान्तों के भक्त श्रीधाम वृन्दावन पहुंचे एवं अपने आराध्य का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## उद्योग बंधु बैठक में पुलिया निर्माण मांग के बाद निर्माण शुरू

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

शहर के मक्सस्ल पेच में टूटी पड़ी पुलिया के निर्माण की मांग को लेकर उद्योग बंधु बैठक में निर्देशों के बाद पुलिया निर्माण शुरू हो गया है। इसी के साथ सीएसी के सामने लगने वाले जाम से थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं शहर के कोसी शाहपुर रोड पर जाम की समस्या से छुटकारे के लिए भी पालिका प्रशासन को रोड मैप तैयार करने के निर्देश मिले है। अगर सब कुछ सही रहा तो जाम के जिम्मेदारों पर भी नकेल कसी जा सकती है। पिछले कई वर्षों से टूट



पडी मक्सस्ल पेच की पुलिया के निर्माण के लिए उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा सीएसी के सामने मक्सस्ल पेच से गुजरने वाले रास्ते की पुलिया वर्षों से टूटी पड़ी थी। जिससे के चलते अस्पताल की एंबुलेंस से लेकर आम जन तक जाम की चपेट में आता था। समस्या को लेकर लोग भी बेहद परेशान थे। उद्योग बंधु मीटिंग में इसे मंडल के पदाधिकारी मनीष अग्रवाल एलआई एवं अंकित मालवीय द्वारा उठाया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने समस्या को समझते हुए पालिका को पुलिया निर्माण के निर्देश दिए हैं। उसी के अनुरूप पालिका द्वारा पुलिया निर्माण शुरू कर दिया गया। हालांकि अभी हनुमान मंदिर के सामने स्थित शेरगढ़ तिराहा से कोसी शाहपुर मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटवा कर रास्ते को साफ कराए जाने की मांग भी उठाई है।

# मांगों को लेकर 10 को सम्मेलन करेंगी आशा वर्कर

## आशा वर्कर समाज में एक बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है

**विरोध**

▶▶ जला सचिव सरबजोत ने बताया कि जब तक सरकार उनकी मांगो को पूरा नहीं कर देती है। वे अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी






**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मांगो को लेकर आशा वर्करों ने अम्बाला शहर की नई अनाज मंडी में धरना देते हुए रोष जताया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर अम्बाला जिला सहित विभिन्न जिलों की आशा वर्कर मौजूद रही और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला सचिव सरबजोत ने बताया कि जब तक सरकार उनकी मांगो को पूरा नहीं कर देती है। वे अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर समाज में एक बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। जब किसी घर में कोई महिला गर्भवती होती है तभी से आशा वर्कर उस महिला की देखभाल में जुट जाती है और जब तक बच्चा 5 वर्ष तक का नहीं हो जाता तब तक उस बच्चें का टीकाकरण व अन्य जरूरी काम जो सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते है। आशा वर्कर उन नितियों को लोगो तक पहुंचाती है। लेकिन इसके बाद भी सरकार उनके खिलाफ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका पर काम का अधिक भार है लेकिन वेतन कुछ भी नहीं मिलता है। जिससे उन्हें गुजारा चलाने में भी परेशानीहोती है। इस दौरान सीआईटीयू के अध्यक्ष सतीश ने कहा कि ये सरकार केवल अपने कॉरपोरेट्स का ही फायदा कर रही है सरकार का आम आदमी से कोई लेना देना नहीं है सरकार आम आदमी के बारे में बिल्कुल नहीं सोचती हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री से उनकी मुलाकात हुई उन्होंने आश्वासन भी दिया कि जल्द ही आशा वर्कर्स की समस्याओं का समाधान होगा लेकिन आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई साथ ही आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने जो बयान जारी किया उसे पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी और सरकार पर निशाना साधा उन्होंने बताया आने वाले 10 तारीख को आशा वर्कर्स यूनियन का राज्य कार्यकर्ता सम्मेलन है कई प्रदेशों की जिला कमेटियां उसमें शामिल होंगी और इसमें कोई दो राय नहीं है अगर सरकार नहीं सुनेगी तो आंदोलन को तेज करने का काम शुरू किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### छीनाझपटी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने बाइक सवार युवकों से मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित व विशाल निवासी कबीरपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। हरदोई उत्तर प्रदेश हाल में इंद्रा कॉलोनी निवासी सिवा ने गत 5 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कंपनी से काम खत्म करके घर जा रहा था। उसी दौरान बाइक सवार दो लड़कों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने इस संबंध में बहालगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी संदीप की टीम ने आरोपितों को काबू कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

### 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों के लिए प्राण वायु देवता पैन्शन स्कीम लागू की गई

**पानीपत, कमाल हुसैन:** प्रदेश में 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों के लिए प्राण वायु देवता पैन्शन स्कीम लागू की गई है। पैन्शन के रूप में 2500/–रुपए सालाना उस व्यक्ति को दिए जाएंगे, जिनके घर या निजी जमीन पर पुराना वृक्ष है।
डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वह वृक्ष के लिए सरकार से 2500 रुपए ले सकता है। उसे वृक्ष की देखभाल करनी होगी। उसे पानी, खाद, मिट्टी की जरूरत है तो वह इस पैन्शन से पूरी कर सकता है। यह योजना पुराने वृक्षों को बचाने के लिए है। जिनके घर में ऐसे पुराने वृक्ष लगे हुए हैं, वे उन्हें काटने के बजाए सरकार से पैन्शन लेकर बचाए रख सकते हैं। वृद्धावस्थ सम्मान पैन्शन की भांति यह पैन्शन राशि प्रतिवर्ष समानुपात में बढ़ाई जाएगी। यह योजना पूरे हरियाणा में लागू है। वृक्ष को मिलने वाली पैन्शन की राशि उसके मालिक के बैंक खाते में भेज दी जाएगी।
**ऐसे कर सकते हैं आवेदन**
डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि पात्र व्यक्ति जिले के वन विभाग कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद गठित समिति द्वारा उस आवेदन का आंकलन किया जाएगा। सत्यापन उपरान्त सभी शर्तें पूरी पाई जाती हैं तो लाभार्थी व्यक्ति को वृक्षों की मिलने वाली पैन्शन दे दी जाएगी। इसके लिए संबंधित कागजात जमा कराने होंगे।

### पोषण संबंधी गतिविधियों को पोषण डैश बोर्ड पर अपलोड करना जरूरी: उपायुक्त




**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिले भर में चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेना हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है और यही लक्ष्य राष्ट्रीय पौष्टिकता माह आयोजित करना का है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में राष्ट्रीय पोषण माह बारे व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर विशेषकर महिलाओं को जागरूक किया जाए। सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ पोषण संबंधी गतिविधियों का नियमित आयोजन करें और डैशबोर्ड पर अपलोड करें। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंद्र कौर ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सही पोषण देश रोशन के संदेश के साथ पोषण की शपथ दिलाई जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा सुपोषित भारत के परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए समय–समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों व अभियानों का आयोजन किया जाता है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के तहत छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिए जिला में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक चालक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुंडली थाना क्षेत्र में गढ़ी बिंदरौली टोल के पास तेज रफ्तार ट्रक चालक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। डायल–112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहगीरों की मदद से शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव को शवगृह में रखवाया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। कंचौरी कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी गोपाल ने बताया कि वह केएमपी टोल प्लाजा पर बतौर चालक के तौर पर नौकरी करता है। वह अपनी गाड़ी में सवार होकर कुंडली से आसौदा टोल तक पेट्रोलिंग करते हुए गढ़ी बिंदरौली टोल से कुंडली की तरफ निकला। उसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक चालक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले को लेकर डायल–112 टीम को सूचना दी। टीम ने राहगीरों की मदद से शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी एसआई कंवरभान ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द शव की शिनाख्त करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सोनीपत में सड़कों की बहुत खस्ताहाल स्थिति: देवेन्द्र गौतम




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राठधना रोड़ पर नगरवासी रोड़ के खस्ताहाल स्थिति को लेकर लगातार धरना देने पर मजबूर है। बीते दिनों आम आदमी पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा व सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम अपने पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं के साथ धरने का समर्थन करने पहुँचे थे। दोबारा से धरना स्थल पर पहुँचे लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कहा की सोनीपत में सड़कों की बहुत जयदा खस्ताहाल स्थिति है। सत्ता पक्ष, विपक्ष के साथ–साथ सोनीपत नगर निगम की छोटी सरकार भी गहरी नींद में सोई हुई है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की राठधना रोड़ नजदीक सर्जिकल नगरवासी सड़क बनवाने को लेकर दोबारा से धरने पर है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों या प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। निगम कार्यलय से पता करने पर सुचना मिली की राठधना रोड़ का मसला फाइनेंशियल समिति की बैठक ना होने के चलते अटका हुआ है। जो की निगम मेयर की अध्यक्षता में होनी है। लेकिन धरनारत निवासियों से बात करने पर पता लगा की पिछले 10-15 से नगर निगम मेयर लापता है। उनके फोन भी बंद आ रहा है। उनसे सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की जब तक मेयर का पता नहीं लगता तब तक नगर निगम कमिश्नर कोई बीच रास्ता निकाल कर अधूरे पड़े कार्यों को सम्पन्न करवाए। धरना प्रदर्शन कर रहे दलबीर दहिया, राजू आदि सभी निवासियों आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं का धरना स्थल को लगातार समर्थन करने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षा विंग जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल, युवा उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सर्किल अध्यक्ष नरेन्द्र, रतनलाल ठेकेदार, मनोज लाकड़ा, हरदीप, दीपक चुघ, धर्मपाल, राज आदि मौजूद रहे।

## गूगल पर फाइल स्टार रिव्यू करने का झांसा देकर लाखों रुपये की नकदी ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिले में साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठग लोगों को झांसे में लेकर मेहनत की कमाई पर डंक मा रहे है। सोनीपत के गांव दीपालपुर में युवक को झांसे में लेकर लाखों रुपये की नकदी ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। ठगों ने युवक को गूगल पर फाइल स्टार रिव्यू करने का झांसा देकर फंसाने के बाद ठगी की गई। अब भी पीड़ित को धमकाकर 4.78 लाख रुपये की मांग की जा रही है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव दीपालपुर निवासी युवक ने साइबर थाने में शिकायत देकर बताया कि गत 22 अगस्त को उनके व्हाट्सएप पर एक मोबाइल नंबर से मैसेज आया था। उन्हें गूगल पर फाइव स्टार रिव्यू का टास्क दिया गया। जिससे उन्हें कमाई का झांसा दिया गया। वह उनके झांसे में आ गए। जिस पर उन्होंने टेलीग्राम लिंक के माध्यम से उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। टेलीग्राम लिंक पर प्रीति 20201 व त्रिवेदी 31033 के नाम पर आईडी थी। 22 अगस्त को उनसे एक खाते में एक हजार रुपये डलवाए गए, जिसकी एवज में 1300 रुपये वापस किए गए। बाद में आठ हजार रुपये डलवाए और 23 अगस्त को 10400 रुपये वापस किए गए। फिर उन्हें ऑफिशियल मेंबर बनाने का लालच दिया गया। उन्हें टास्क के रूप में नई किस्त देने का झांसा दिया गया। उन्होंने झांसे में अलग-अलग खातों में उनसे 9.01 लाख रुपये डलवा लिए। अब भी वह उनसे 4.78 लाख रुपये मांग रहे है। साथ ही रुपये नहीं देने पर उनके परिवार की निर्वस्त्र फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र पंवार की माता फूलवती का देहांत



**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत**
वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र पंवार की माता फूलवती पत्नी स्व. छतर सिंह पंवार का शुक्रवार की सुबह देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार गोहाना रोड स्थित शमशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें गणमान्य व्यक्तियों के साथ पत्रकारों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। दूरदर्शन एवं ऑल इंडिया रेडियो के पत्रकार सुरेंद्र पंवार की माता फूलवती ने 72 वर्ष की आयु में अंतिम सांसें ली। वे नगर के सिगनस अस्पताल में उपचाराधीन थी। पिछले लंबे समय से उनका स्वास्थ्य सही नहीं था। हाल के दिनों में उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया। उपचार के दौरान उनका आज सुबह हृदय गति रुकने के कारण देहांत हो गया। फूलवती के पार्थिक देह को उनके बड़े पुत्र रविंद्र ने मुखाग्नि दी।अपने पीछे वे तीन पुत्र रविंद्र, जितेंद्र व सुरेंद्र व एक पुत्री मीनाक्षी को छोड़ गई हैं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार बीएस मलिक व पवन बंसल शामिल रहे। साथ ही संजीव दीक्षित, दीपक वर्मा, धर्मेश पांडेय, जयदीप राठी, पवन राठी, सन्नी मलिक, नितिन आंतिल, सुनील छिक्कारा, राम सिंहमार, विनोद मोरवाल, दीपक कामी, सुनील कुमार आदि शामिल रहे। साथ ही पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी, पदम दहिया, देवेंद्र कादयान, सुरेंद्र छिक्कारा, मनोज रिढ़ाऊ, कुणाल गहलावत, अजीत बाल्याण आदि गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। पत्रकारों व गणमान्य व्यक्तियों ने सुरेंद्र पंवार व उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए उनका हौसला बंधाया। सभी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ है।

### अवैध हथियारों सहित आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** एंटी ब्रगलरी स्टाफ पुलिस ने अवैध हथियारों सहित आरोपित को काबू कर किया है। गिरफ्तार आरोपित जितेंद्र निवासी शिव कॉलोनी का है। जांच अधिकारी जयभगवान ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान कामी चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान आरोपित संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर व दो जिंदा रौंद मिले। आरोपित के खिलाफ सदर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि पुलिस ने अवैध हथियारों को रखड़ा निवासी ऋषि से लिया था। जिसकी मौत हो चुकी है।

## नाका लगाकर जांच कर रही टीम ने कार में भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी

**तलाश**

▶▶ कार की पिछली खिड़की व शीशे पर काली फिल्म लगी देख पीछा तो किया वह कार को छोड़कर भाग गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बहालगढ़ रोड स्थित सेक्टर-7 मोड़ पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम को देखकर शराब तस्कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने उसकी कार की पिछली खिड़की व शीशे पर काली फिल्म लगी देख पीछा तो किया वह कार को ट्रक यूनियन में छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कार के अंदर से 66 पेटी देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुरथल ट्रैफिक थाना में नियुक्त एसआई शमशेर सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ सेक्टर-7 मोड़ बहालगढ़ रोड पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बहालगढ़ की तरफ से एक कार आई-10 आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया तो चालक ने अचानक कार की गति बढ़ा दी और गाड़ी को लेकर बिना रोके लेकर भाग निकला। उन्होंने देखा कि कार की पिछली खिड़की के शीशे व पीछे के शीशे पर काली फिल्म लगी थी। उन्हें शक हो गया। जिस पर उन्होंने टीम के साथ कार का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को पीछे देखकर आरोपी ने अचानक कार को ट्रक यूनियन की वर्कशॉप में घुसा दिया। उसके बाद टीम अंदर गई तो चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार के अंदर से 66 पेटी देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## वाहन चालक को बंधक बनाकर की लूटपाट

**जांच जारी**

▶▶ बदमाशों ने चालक का किया अपहरण, खेड़ी मनाजात के पास फेंककर हुए फरार, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली थाना क्षेत्र में नाथूपुर पुल पर फोर-व्हीलर चालक को बंधक बनाकर छह बदमाश 11 वाशिंग मशीन, चार फ्रिज व मोबाइल लूटकर ले गए। बदमाश तीन फ्रिज व एक वाशिंग मशीन चालक की गाड़ी में ही छोड़ गए। पीड़ित ने बंधन मुक्त होकर मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने अपहरण व लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगा रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव मोह माजरी हाल में मयूर विहार निवासी रौनक ने बताया कि वह रात को दिल्ली के उत्तम नगर से अपने फोर-व्हीलर में 12 वाशिंग मशीन व सात फ्रिज लोड कर गोहाना के लिए चले थे। जब वह रात करीब 11 बजे नाथूपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे तो टाटा-ऐस सवार पांच-छह युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। जिससे उन्हें अपनी गाड़ी को रोक दिया। उनकी गाड़ी के रोकते ही युवक नीचे उतरे और उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। तीन युवकों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और उन्हें अपनी गाड़ी में डाल लिया। उनको बंधक बनाकर वह सफियाबाद की तरफ चल दिए। एक बदमाश उनकी गाड़ी लेकर चल पड़ा। वह उन्हें सफियाबाद पुल के नीचे खेड़ी मनाजात रोड पर ले गए। वहां पर उन्होंने नीचे उतार दिया। उन्होंने उनकी गाड़ी से 11 वाशिंग मशीन व चार फ्रिज अपनी गाड़ी में लोड कर लिए। उनका मोबाइल व गाड़ी के कागजात भी छीन लिए गए। उसके बाद वह उन्हें छोड़कर भाग गए। बदमाश एक वाशिंग मशीन व तीन फ्रिज उनकी गाड़ी में छोड़ गए। उन्होंने बंधनमुक्त होकर पुलिस को मामले से अवगत कराया।

*वाहन चालक को सुनसान जगह पर बंधक बनाकर ले जाने व गाड़ी से फ्रिज व वाशिंग मशीन लूटने के आरोप की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।*
*चालक को बंधक बनाकर सुनसान स्थान पर ले जाने के बाद फ्रिज व वाशिंग मशीन लूट की शिकायत मिली है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।*
*ऋषिकांत, प्रभारी कुंडली थाना।*

## महिलाओं के नाम सस्ते राशन की दुकान अलॉट करने की प्रकिया हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
हरियाणा के गांवों एवं शहरों में 2382 फेयर प्राइस शॉप यानी राशन डिपो के लाइसेंस महिलाओं के नाम अलॉट करने की प्रक्रिया खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने तेज कर दी है। हालांकि, पहली सितंबर को अलॉटियों की सूची जारी होनी थी, लेकिन ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने से अब 14 सितंबर के आसपास सूची आने की उम्मीद है। इधर, प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि शहरों में निकायों- नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका तथा पंचायतीराज संस्थाओं, जिला परिषद व ब्लाक समिति सदस्यों व पंच-सरपंचों और उनके परिवार के किसी भी सदस्य को राशन डिपो अलॉट नहीं होगा। अगर किसी ने धोखे से राशन डिपो अलॉट करवाया और जांच में खुलासा हुआ तो संबंधित प्रतिनिधि के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उनका न केवल राशन डिपो रद्द होगा, बल्कि सदस्यता पर भी खतरा मंडरा सकता है। गांवों में पंच-सरपंच खुद के, पति/पत्नी, बेटा-बेटी, बहू, भाई-बहन के नाम पर भी राशन डिपो नहीं ले सकेंगे। सभी निकायों में भी यह शर्त लागू होगी। गांवों एवं शहरों में 3224 राशन डिपो अलॉट होने हैं। इनमें महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का फैसला सरकार ले चुकी है। 29 जुलाई को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल लांच किया था। 7 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया था। 3224 राशन डिपो में से 2382 महिलाओं के नाम अलॉट करने का निर्णय लिया गया, जिससे पहले से चल रहे डिपो के हिसाब से 33 प्रतिशत आरक्षण के फैसले को लागू किया जा सके।

**किन्नर समुदाय पहले की तरह अब उपेक्षित नहीं रहा बल्कि ये भी हमारे समाज की मुख्य धारा से पूरी तरह जुड़ चुके हैं**

## जन्माष्टमी पर किन्नर समुदाय को दो जगह मुख्य अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

**पहल**

▶▶ नारनौल में पहली बार मुख्य अतिथि के रूप में पूरे किन्नर समुदाय को आमंत्रित कर स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।**
मौहल्ला नलापुर के युवकों ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर किन्नर समुदाय एवं उनके गुरु विनोद को दो कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिसकी सर्वत्र चर्चा पूरे शहर में है। नारनौल में पहली बार मुख्य अतिथि के रूप में पूरे किन्नर समुदाय को आमंत्रित कर जिस प्रकार उनका फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया उससे आम जनता में यह धारणा बनने लगी है कि किन्नर समुदाय पहले की तरह अब उपेक्षित नहीं रहा बल्कि ये भी हमारे समाज की मुख्य धारा से पूरी तरह जुड़ चुके है। इस अवसर पर किन्नर समुदाय एवं उनके गुरु विनोद ने दोनों संस्थाओं को 21000-21000 देकर जहां उपस्थित लोगों की वाही-वाही लूटी वहीं उन्होंने यह भी बता दिया की किन्नर समुदाय भी धर्म-कर्म व सामाजिक कार्यों में अब किसी तरह से पीछे नहीं है। किन्नर समुदाय के गुरु विनोद ने इस अवसर पर एक कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य पुजारी को 1100 रुपए व दूसरे कार्यक्रम में राधा-कृष्ण बने कलाकारों को भी 1100-1100 रुपए अपनी नेक कमाई से भेंटकर एक सामाजिक संदेश देने की कोशिश की है की किन्नर संप्रदाय भी लोगों की दुख सुख में हमेशा उनके साथ है और रहेगा। उल्लेखनीय है कि नारनौल किन्नर समुदाय एवं उनके गुरु विनोद काफी समय से हर महीने गौशाला में स्वामणी करते रहे हैं, गरीब लड़कियों की शादियों में कन्यादान व सामान इत्यादि से उनकी मदद करते रहे हैं इसके अलावा उनका कहना है कि कोई भी मैरीट बच्चा अपनी गरीबी के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ है।

# कथा में गोवर्धन पूजा के साथ हुए छप्पन भोग के दर्शन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** की नई अनाज मंडी में चल रही बात श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग कथा का वर्णन किया गया।

इस दौरान मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्तगण मंत्र मुग्ध हुए। वही श्री कृष्ण बाल लीलाओं और सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके।

पांचवें दिन की कथा में मुख्य अतिथि रहे प्रमुख समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा, रजनीश खत्री, विनोद, सोमबीर, विश्व हिंदू परिषद से प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता, सह मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग मंत्री उतरी नरसिंह शेरावत, नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग,नरेला जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल, विभाग मंत्री उत्तरी राजेश कुमार, नरेला जिला कोषाध्यक्ष परवीन गुप्ता ,नरेला जिला धर्म प्रसार प्रमुख देवेंद्र मान, बजरंग दल सह संयोजक कुलदीप मान का श्री श्याम नवयुवक मंडल पदाधिकारी द्वारा पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया।

बाहरी दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान



यज्ञ का भव्य आयोजन नरेला की नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। भागवत कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी ने व्यास पीठ से कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजन आदि कथा प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया।

**कथा सुन भाव विभोर हुए भक्तः** कथा में गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान गोस्वामी जी ने गोवर्धन पूजन करते हुए छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण कराया। कथा के दौरान गोस्वामी जी ने बताया कि भगवान कृष्ण ने बाल रूप में अनेक लीलाए की, उनकी हर लीला मानव जीवन को एक नया संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण बाल रूप में थे तभी मटकी से माखन चुरा लिया करते थे, और जब माता यशोदा कहती तब श्री कृष्ण भोलेपन से कहते मैया मैं नहीं माखन खायो। गोस्वामी जी ने गोपियों संग बाल लीला सहित तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने पूतना वध और गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठाने की लीला का विस्तृत वर्णन किया तो श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में सराबोर हो गए और पूरा पंडाल भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

**गिरिराज महाराज की झांकी रही आकर्षण का केन्द्रः** कथा में गिरिराज महाराज की झांकी गिरिराज पूजन आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में आरती के पश्चात सभी को छप्पन भोग का दिव्य प्रसाद वितरित किया गया।

**ये लोग रहे मौजूदः** कथा में अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।





जहांगीरपुरी वार्ड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व कार्यक्रम के दौरान के आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

## नाज कम्प्यूटर सोशल फाउंडेशन ने मनाया जन्माष्टमी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में नाज कम्प्यूटर सोशल फाउन्डेशन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस शुभ उपलक्ष पर संस्था द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के निर्देशक इरफान और अध्यक्षा गुलनाज खान द्वारा किया गया। साथ ही साथ छोटे-छोटे बच्चों को राधा, कृष्ण एवं सुदामा बनाकर भारतीय संस्कृति से अवगत कराया गया। संस्था के बच्चों को जन्माष्टमी के त्यौहार के विषय में समझाया गया।


वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य।

# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली पदयात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
करावल नगर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में भी सैंकड़ों की संख्या में शामिल लोगों द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गई।

इस मौके पर आदेश भारद्वाज ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र के मूल्यों का हनन कर देशभर में फैलाई जा रही नफरत और द्वेष भावना के खिलाफ पिछले साल राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई थी। 4000 किमी से ज्यादा की यात्रा करने के बाद देशभर में लोगों में संदेश गया कि असल में लोगो को नफरत की नहीं मोहब्बत की जरूरत है, युवाओं को रोजगार की जरूरत है, आम जनता को महंगाई से राहत की जरूरत है,



महिला सुरक्षा के नाम पर सरकार बनाने वाले लोगों से महिलाओं की सुरक्षा की जरूरत है नहीं तो बृजभूषण शरण सिंह, बिल्किस बानो और मणिपुर जैसे घृणित प्रकरण होते ही रहेंगे। इस यात्रा में क्षेत्र के शिक्षाविद्, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सैंकड़ों लोगो ने हिस्सा लिया। जिसमे डॉक्टर एस पी सिंह विधानसभा प्रत्याशी रामबिलास शर्मा और डॉक्टर अकरम नरेश



पाल, रोशनलाल कोहली, रविंद्र त्यागी, खेमचंद सैनी, कपूर सिंह, श्याम सिंह सिसोदिया, देवेन्द्र काकू, प्रियाजयंत, जिलाध्यक्ष महिला डॉ वीआर चौधरी, मुकेश पाल बीनाभट महिला अध्यक्ष बुराड़ी मीना रावत, राजेश ढिकोलिया, सुजीत कुमार , चंदन चौबे, कुलदीप जोशी, ननवाराम प्रधान, सुखबीर सिंह, देवेंद्र मिश्रा, नेत्रपाल, प्रधान हारून भाई व सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

# स्वतंत्र नगर में 102 वर्षीय मिश्री देवी की श्रद्धांजलि सभा हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड पवन पंचाल की 102 वर्षीय माताजी मिश्री देवी का 22 अगस्त 2023 को आकस्मिक निधन हो गया था। 07 सितंबर, 2023 को उनके सम्मान में सेम वाटिका, स्वतंत्र नगर में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस सभा में नरेश गुप्ता, क्रांतिकारी युवा नेता कॉमरेड सुरेंद्र पांचाल, रिटायर्ड प्रिंसिपल मास्टर राज व्रत, आम आदमी पार्टी के ओम प्रकाश रंगा, बांकनेर वार्ड के निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, सीपीआई के



मजदूर नेता कामरेड संजीव राणा, सीपीएम से कामरेड डीएन सिंह , हरियाणा से कैप्टन गंगाराम, युवा नेता विकास पांचाल, एसयूसीआई सै कामरेड इन्द्र सिंह, कलमकार राजव्रत एवं अनेक गणमान्य नागरिकों ने इस सभा में बढ-चढ़ कर हिस्सेदारी करते हुए श्रीमती मिश्री देवी को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए सभी वक्ताओं ने मिश्री देवी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से लंबे समय तक जिंदा रहने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने किस तरह अपना सादा जीवन और संयमित दिनचर्या से अपने जीवन को मजबूती से जिया। हम सब इनके जज्बे को श्रद्धांजलि देते हुए सलाम करते हैं। कामना करते हैं कि उनके निधन से खाली हुए स्थान को भरने की असीम शक्ति दे।

सभा में उपस्थित हजारों नागरिकों को पवन पांचाल ने पधारने का शुक्रिया अदा किया।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र के मंदिरों की भव्य सजावट देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर जानकारी देते हुए वजीरपुर वार्ड कि निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि आज मैं सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देती हूं। और प्रभु से प्रार्थना करती हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस अवसर पर वजीरपुर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और बड़े-बुजुर्गों व सभी का सम्मान करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एडीसी ने सीएमजीजीए और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पढ़ाई पर फोकस

▶▶विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना ई-अधिगम का उद्देश्य: एडीसी आनन्द शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली प्लेटफार्म प्रणाली पर अब टेब के जरिये करवाई जा पढ़ाइ पर इंगलिश, हिंदी और सामाजिक विज्ञान पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह जिला के टीचर्स प्रदेश में पांचवी पोजीशन पर थे, अब काफी सुधार आया है। वहीं टीचर्स और स्टूडेंट्स को ई- अधिगम पर रजिस्टर करने के लिए रोज कम से कम एक डेलीबेसिस पर कम से कम एक घंटा टेबलेट्स को यूज करना होगा। इसके अलावा नए विषय मैथ और साइंस को भी जोड़ा जाएगा। एडीसी ने कहा कि विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना ई-अधिगम का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की बेहतर रुचि पैदा करने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। जिसमें टैबलेट पर काम करने वाले छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा इनाम और कमजोर प्रफोरमेंस के टीचर के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। एडीसी आनन्द शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक में सीएमजीजीए और शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा स्कूलों के प्रिसीपलो के साथ स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा टैबलेट के जरिये ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर किए जा रहे होम वर्क बारे समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। आपको बता दें कि कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा ऐसे




विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं विजेता विद्यार्थियों और अध्यापकों के चयन के लिए निदेशालय की ओर से मानक नियम जारी किए हैं, इन नियमों के आधार पर ही चयन प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों पर खर्च 14 हजार 500 करोड़ रुपए किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि ई-अधिगम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना है। वहीं विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की रूचि पैदा करने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि टैबलेट पर काम करने वाले छात्रों और शिक्षकों को इनाम मिलेगा और आन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर पढाई न करवाने शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वहीं सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत पीएम श्री योजना के बेहतर क्रियान्वयन करके स्कूलों पर 14 हजार 500 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी।

ई-अधिगम का उद्देश्यः-

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि ई-अधिगम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों के इस्तेमाल के लिए समर्थ बनाना है। वहीं सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार टैबलेट पर काम करने वाले छात्रों और शिक्षकों को इनाम दिया जाएगा। विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की रूचि पैदा करने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। शिक्षा को डिजिटाइल करने व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट वितरित किए गए हैं। जहां ऐसे में विद्यार्थियों व अध्यापकों में टैबलेट का प्रयोग व उस पर काम करने की रूचि पैदा करने के लिए एक विशेष योजना बनाई है, जिसके तहत विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को देख रहे मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी आशीष जैन और श्रुति शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग इस योजना के तहत टैबलेट पर पीएल सॉफ्टवेयर में काम करने वाले विद्यार्थियों व अध्यापकों को राज्य स्तर के साथ साथ जिला स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं विभाग की ओर से जिला में सभी ब्लॉक पर चार-चार विद्यार्थियों व अध्यापकों का चयन किया जाएगा, जिनका पीएल सॉफ्टवेयर पर काम श्रेष्ठ होगा। उन्होंने बताया कि अधिगम विद्यार्थियों के साप्ताहिक तीन लक्ष्य दिए गए हैं, जिसके तहत विद्यार्थी को प्रति सप्ताह प्रति विषय में एक से अधिक घंटे के लिए टेबलेट का उपयोग करना होगा, प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो रेमेडियल टेस्ट का प्रयास करना होगा। इसके साथ ही प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो होमवर्क का प्रयास करना होगा।

ई अधिगम योजना के मापदंडः-

ई-अधिगम विद्यार्थी के साप्ताहिक मुख्य रूप से तीन लक्ष्य है। नम्बर एक प्रति सप्ताह प्रति विषय में एक से अधिक घंटे के लिए विद्यार्थी द्वारा टैबलेट का उपयोग। नम्बर दो प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो रेमेडियल टेस्ट का प्रयास करना और नम्बर तीन प्रति सप्ताह प्रति विषय में दो होमवर्क करने का प्रयास करना सुनिश्चित करें। वहीं ई- अधिगम शिक्षक के साप्ताहिक दो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इनमें पहला टैबलेट का उपयोग प्रति सप्ताह एक से अधिक घंटे के लिए करना और दूसरा विद्यार्थियों को प्रति सप्ताह दो होमवर्क देना शामिल है। वहीं ई-अधिगम योजना के तहत सभी शिक्षक व विद्यार्थी टेब का अधिक से अधिक उपयोग कर शत प्रतिशत ई-अधिगम बनने का प्रयास करना होगा। राज्य के टॉप 100 ई-अधिगम विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान श्री कृष्ण का चरित्र हमें युगों युगों तक मार्गदर्शन प्रदान करने वाला है: उमेश भाटी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ रही। जन्माष्टमी के अवसर पर जहां मंदिरों को काफी सजाया गया था। वही देर रात तक मंदिरों में भजनों पर भक्त झूमते दिखाई दिए। तिगांव विधानसभा के अशोका एन्क्लेव, पंचशील कालोनी, श्याम कालोनी , सूरदास कालोनी व अन्य स्थानों में जन नायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने विभिन्न मंदिरो के साथ आयोजित प्रोग्रामों में शिरकत व दर्शन किए । इस दौरान उनके साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उमेश भाटी और टीम ने भगवान के जन्मोत्सव पर आयोजित महोत्सव में भागीदारी की और गुरु एवं भगवान से फरीदाबाद और तिगांव विधानसभा के मंगल के लिए कामना की। इस अवसर पर यहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। लोगों को अपने संबोधन में जजपा प्रदेश पर्वक्ता उमेश भाटी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का चरित्र हमें युगों युगों तक मार्गदर्शन प्रदान करने वाला है। उन्होंने हमें जीवन के संघर्षों के आगे कभी झुकना नहीं सिखाया है। वह स्वयं अपने चरित्र में रहे और उन्होंने हमें 64 कलाओं के माध्यम से जीवन के समस्त रंगों से परिचित करवाया। उमेश भाटी ने कहा कि श्री कृष्ण को मानने वालों के जीवन में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष अवश्य ही प्राप्त होते हैं। लेकिन तभी, जब भक्त अपने भगवान के नाम का आश्रय लेता है। भगवान अनेक बार अवतार लेते हैं। वह तो अपने भक्तों के लिए चले आते हैं। इसके हमारे पास अनेक उदाहरण हैं। उमेश भाटी ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भ्रमण के दौरान पंचशील कालोनी,अशोका एंक्लव मैन्न श्याम कालोनी के साथ अन्य कालोनियों में आयोजित जन्माष्टमी के प्रोग्राम में उमेश भाटी पहुंचे। इस मौके पर अनिल शर्मा, गोपाल चौहान, मास्टर लाखन सिंह, पुनीत भाटी, राजकुमार सिंह, प्रदीप, शरद शर्मा, : प्रदीप त्रिपाठी सहित काफी संख्या में टीम उमेश भाटी मौजूद रही।

### इस्कॉन फरीदाबाद मंदिर, सेक्टर 37 में स्वामी ए.सी. भक्तिवेदांत श्रील प्रभुपाद के आविर्भाव दिवस का उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संध (इस्कॉन) फरीदाबाद मंदिर, सेक्टर 37 ने 8 सितंबर को इस्कॉन के प्रसिद्ध संस्थापकाचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के आविर्भाव दिवस के सम्मान में बहुत ही भव्य और हर्षोल्लास से उत्सव मनाया। आध्यात्मिक विभूति स्वामी प्रभुपाद, जिन्होंने अपना जीवन भक्ति योग और भगवान कृष्ण की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया, ने दुनिया के आध्यात्मिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। प्राचीन वैदिक ग्रंथों के ज्ञान को प्रसारित करने में उनके अथक प्रयासों ने अनगिनत व्यक्तियों को आत्म-ज्ञान और दिव्य ज्ञान की दिशा में आध्यात्मिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने वर्ष 1965 में 70 वर्ष की आयु में अमेरिका की यात्रा की और भक्ति में क्रांति ला दी। बहुत ही कम समय में उन्होंने पूरी दुनिया की कई बार यात्रा की और कई देशों में 108 मंदिर बनवाए और दुनिया को कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। इस्कॉन फरीदाबाद मंदिर के अध्यक्ष गोपीश्वर दास ने इस उत्सव के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "यह हमारे लिए एक बड़ा और शुभ दिन है, और हम इसे भव्य तरीके से मनाते हैं।

हम प्रभुपाद की शिक्षाओं को आत्मसात करते हैं और उनका पालन करते हैं। इसलिए, लोगों को भक्तियोग द्वारा कृष्ण के साथ जोड़ने के लिए उनकी दया और शक्ति प्राप्त करते हैं।" इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रमों और भेंटों की एक श्रृंखला शामिल थी। जिसमें कीर्तन (भक्ति गीत), स्वामी प्रभुपाद की शिक्षाओं पर प्रवचन और प्रेम और भक्ति के साथ तैयार एक शानदार प्रीतिभोज शामिल था। पूरे क्षेत्र से भक्तों ने आकर स्वामी प्रभुपाद को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी आध्यात्मिक यात्रा के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

## जूनियर महिला कोच के पीछे पड़ी हरियाणा सरकार: अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा है कि हरियाणा की बेटी व जूनियर कोच के पीछे पूरी सरकार पड़ गई है। एक तरफ पूरी सरकार की ताकत है और दूसरी तरफ पीड़िता को अपनी लड़ाई लड? के लिए अकेला छोड़ दिया गया है। महिला कोच की जान को खतरा है। शुक्रवार का (आआपा) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ढांडा ने कहा कि महिला कोच की जान को खतरा है। आने वाले दिनों में वह सुरक्षित रहेगी।

## सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

जन्माष्टमी

▶▶मुख्यातिथि के रूप में पूर्वमंत्री विपुल गोयल ने ज्योत प्रचण्ड कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हर वर्ष की भांति इस बार भी सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 फरीदाबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत करके ज्योत प्रचण्ड की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर के प्रधान राजेश



भाटिया व मंदिर कमेटी ने विपुल गोयल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मनमोहन एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि भारत देश त्यौहारों का देश है और सभी त्यौहार हमारी संस्कृति का हिस्सा है और सभी त्यौहार हमें भाईचारे व एकता का संदेश देते है। जन्माष्टमी पर्व ऐसा पर्व है, जिसको लेकर भगवान श्री कृष्ण की कई कथाएं प्रचलित है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जी भगवान विष्णु जी के अवतार हैं, जो तीनों लोकों के तीन गुणों सतगुण, रजगुण तथा तमोगुण में से सतगुण विभाग के प्रभारी हैं। भगवान का अवतार होने के कारण से श्रीकृष्ण जी में जन्म से ही सिद्धियां उपस्थित थी और उन्होंने कलयुगी कंस का वध करके लोगों को उसके कुशासन से मुक्ति दिलाने का काम किया। इस दौरान विपुल गोयल ने जन्माष्टमी पर्व पर लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की और मंदिर में बनी विभिन्न प्रकार की झांकियों का अवलोकन किया और कलाकारों की जमकर सराहना की। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सभी को हर त्यौहार को शांतिपूर्वक और अति उत्साह के साथ मनाना चाहिए क्योंकि हर त्यौहार हमें भाईचारे व एकता का संदेश देते है और हमें अपने हिंदुत्व का प्रचार प्रसार करना चाहिए। जन्माष्टमी कार्यक्रम में झांकियां की शुरूआत माता रानी की गुफा से होते हुए श्री राम दरबार, माता रानी दरबार, बजरंगबली जी के दरबार राधा कृष्ण जी के दरबार होते हुए कृष्ण जी के झूला, विष्णु जी का विराट रूप, गोवर्धन, अमरनाथ गुफा, खाटू श्याम, बांके बिहारी जी की झांकी, राजा रानी जी की झांकी, कालका मैया की झांकी सम्पन्न हुई, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा।

## पोषण माह 2023 के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-5 में बच्चों को किया जागरूक : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त श्री विक्रम सिंह के आदेशानुसार एनआईटी क्षेत्र में सुरेखा देवी सीडीपीओ, स्मिता धीमान, रेणु चौधरी सुपरवाइजर एवं एस.एल. खत्री जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा पोषण माह 2023 के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-5 में बच्चों को जागरूक किया। जहां पोषण माह 2023 के अंतर्गत सुरेखा देवी ने अपने विचार रखें और पोषण आहार के बारे बच्चों को जानकारी दी। वहीं स्मिता धीमान और रेणु चौधरी ने पोषण आहार की आवश्यकता क्यों होती है। इसके बारे में विस्तार से बताते



हुए कहा कि कुपोषण से बचने के लिए पोषण आहार ही सबसे सस्ता एवं बेहतर उपाय है। जिला बाल कल्याण अधिकारी एस.एल. खत्री ने पोषण माह के बारे में बच्चों को उदाहरण देकर समझाया कि किसी देश का भविष्य उस देश बच्चे होते है और देश का विकास स्वस्थ नागरिकों के ऊपर निर्भर करता है। बच्चे देश की अमूल्य निधि है बारे बताते हुए उन्होंने बच्चों को पोषण आहार के लिए शपथ भी दिलवाई। उन्होंने अपने संबोधन में हर बच्चे का स्वास्थ्य जांच और मिलकर पोषण आहार की जानकारी दे और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पूरी ऊर्जा एवं निष्ठा से कार्य करे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोषण माह के अवसर पर हम सभी को जागरूक करेंगे और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## जींद: दो नशा तस्करों को 11-11 साल का कारावास

**जींद**

एडीजे जसबीर सिंह की अदालत ने नशीले पदार्थ तस्करी के जुर्म में दो लोगों को 11-11 वर्ष की कैद व 1.10- 1.10 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने की सूरत में दोषियों को 11-11 माह का अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।अभियोजन पक्ष के अनुसार सीआईए स्टाफ 20 नवंबर 2019 को सूचना मिली थी कि नशीले पदार्थों की तस्करी कर गुरथली रोड की तरफ ले जाया जाना है। जिसके आधार पर पुलिसकर्मियों ने सामान्य अस्पताल के निकट आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी। उसी दौरान गुरथली रोड की तरफ जा रहे बाइक सवार दो लोगों को रोक कर पुलिस ने तलाशी ली।

## ओमेक्स सपा विलेज व ओमेक्स न्यू हाइटस ने मिलकर उत्साह के साथ मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** ओमेक्स सपा विलेज व ओमेक्स न्यू हाइटस आर डब्ल्यू ए के तत्वाधान में सोसाइटी की सांस्कृतिक समिति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित किया गया। दोनों सोसाइटी के निवासियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया और सभी उत्साहित नजर आए।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर दोनों सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने सांस्कृतिक समिति के साथ मिलकर विशेष तैयारियों की थी। कार्यक्रम की शुरूआत कृष्ण भजनों से की गई व कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण, भगवान शंकर व कृष्ण सुदामा की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गई जिन्हें देख सभी भक्त भाव विभोर नजर आए। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों भक्त कृष्ण भक्ति में लीन होकर नाचते गाते नजर आए।

सभी भक्त कृष्ण जन्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और जैसे ही रात के 12 बजे पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे से गूंज उठा। लोगों ने एक दूसरे को कृष्ण जन्म की बधाई देकर भगवान को झूले में झुलाया और सभी भक्तों को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के इस भव्य आयोजन के लिए दोनों आरडब्ल्यूए के प्रधानों हेमंत राणा व राजीव सिंह ने सभी निवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी और साथ ही सांस्कृतिक समिति के सदस्यों राजू मेहंदीरत्ता, अभिजीत सिंह, विकास कपूर, डिंपी जैन, दीक्षा, अनुरिचा धारीवाल, कोमेश सिंह, आकाश सक्सेना व गर्वनिंग बॉडी के सदस्यों सुप्रीत सिंह नरूला, राजेंद्र सिंह अत्री, मयंक शर्मा, अंतुल कुमार, अभिषेक पांडे, इंद्रजीत जयसवाल, जितेंद्र भटेजा का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार जताया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सभी लिए प्रेरणादायी बने: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सेक्टर 82 स्थित फ्लोरिडा सोसाइटी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सोसाइटी के निवासियों ने स्थानीय विधायक राजेश नागर को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। जहां नागर ने भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक किया और लोकमंगल के लिए प्रार्थना की। आरडब्ल्यूए फ्लोरिडा सोसायटी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी सबसे अलग अंदाज व भव्य तरीके से आयोजित की। इसमें सोसायटी के लोगों को झूमते गाते हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित होते देखा गया। जन्मोत्सव में विभिन्न झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया गया।



इनमें श्री कृष्ण के साथ-साथ भगवान शिव, माता पार्वती, प्रथम पूज्य गणेश, हनुमान जी की मूर्तियों को भी प्रदर्शित कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी को सार्वभौमिक बनाने का प्रयास किया गया। जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर बच्चों में सबसे अधिक जोश देखा गया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर व सुरेन्द्र बिधूड़ी ने पहुंचकर सभी को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई दी। इस आयोजन को भव्य बनाने में सोसायटी के महिला पुरुषों ने भरपूर मेहनत की। इनमें राजेश राय, प्रमोद कुमार, हैप्पी, अंकुर मेहरा, नीरज श्रीवास्तव, प्रवीण सारस्वत ने अहम भूमिका निभाई।

## सिद्धपीठ श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सिद्धपीठ श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस धार्मिक आयोजन में हजारों लोग श्रीकृष्ण की लीलाओं के साक्षी बनें और भगवान की भव्य पूजा अर्चना में हिस्सा लिया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ी और श्रीकृष्ण की भव्य झांकियों के दर्शन किए।भव्य स्तर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ विशेष रूप से शामिल हुए तथा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर केक काटा.



मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया सहित सभी पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री और अजय गौड़ का स्वागत किया।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य तैयारियां पिछले काफी समय से की जा रही थी।इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर कारीगर बुलाए गए थे जिन्होंने श्रीकृष्ण एवं सभी देवी देवताओं की सुंदर-सुंदर झांकियां बनाई।इन झांकियों को देखकर श्रद्धालु मोहित हुए बिना नहीं रह सके।हजारों लोगों ने श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की और भगवान के दर्शन किए.

इस मौके पर देश की प्रसिद्ध गायक इंदू खन्ना एवं तरूण सागर द्वारा भगवान की लीलाओं का भजन संध्या के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया। जबकि मंदिर में विशेष तौर पर 25 फुट ऊंचा झूला बनाया गया था इसके अलावा भी जुगल जोडी सरकार की पालकी,बाबा बफार्नी की गुफा,31 किलो का केक,दही हांडी, महाभारत दृश्य तथा मनमोहक झांकियां विशेष आर्कषण का केंद्र बिंदु रहीं।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं श्री अजय गौड के साथ उद्योगपति मनमोहन गुप्ता,गुलशन भाटिया,आनंद मल्होत्रा,आरके बत्तरा,ओसवाल ग्रुप के निदेशक आरके जैन,समाजसेवी नीरज अरोड़ा,रमेश झांब एवं प्रदीप झांब विशेष रूप से उपस्थित हुए और भगवान का आशीर्वाद ग्रहण किया. इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं के भारी हजूम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सभी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी।उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवान श्री कृष्ण के आदर्श एवं गीता के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।इससे हमारे जीवन की तमाम मुश्किलें अपने आप ही हल हो जाएंगी, उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार से बुराई पर विजय पाई,ठीक उसी प्रकार से हमें भी अपनी बुराईयों पर विजय पाने के लिए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना होगा।कृष्णपाल गुर्जर ने मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि वह भागयशाली हैं कि आज उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। इसके लिए वह जगदीश भाटिया सहित सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

## अमृत है भागवत कथा: सुरेन्द्र शर्मा बबली

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** गांव साहुपुरा विधानसभा पृथ्ला श्री सिद्ध मन्दिर मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा व्यास श्रद्धेय विजय शास्त्री जी व भागवत पूजन तथा महन्त बाबा शान्तिदास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा श्रीमद्भागवत कथा अमृत रसपान है श्रीमद्भागवत श्रवण करने से जीवन सुखमय होता है जीव मोक्ष प्राप्त कर प्रभु की शरणागत हो जाता प्रत्येक सनातनी को श्रीमद्भागवत श्रवण करनी चाहिए मेरा भी सौभाग्य प्रति वर्ष मुझे इस मन्दिर



मे कथा श्रवण करने व आशिर्वाद का मौका मिलता है इस अवसर पर महन्त शान्तिदास पं अमरा सरपंच पं बंटी भारद्वाज पं तेजपाल भारद्वाज पं ललित आजाद पं लक्ष्मण भारद्वाज पं दीपक भारद्वाज पं अमित भारद्वाज पं रमन भारद्वाज पं प्रह्लाद भगत जी पं मोहित पं रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 23वां

# आदर्श रसोई में धूमधाम से मनाया गया जगदीप सिंह कोहली का जन्मदिन

## आदर्श रसोई के माध्यम से कोहली परिवार ने किया अन्नदान, राकेश भारद्वाज चौक पर जगदीप सिंह कोहली ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 23वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। ये आदर्श रसोई का दूसरा वर्ष है। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।।

### जगदीप सिंह कोहली ने विधिवत रूप से रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 23वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस बार जगदीप सिंह कोहली (प्रवक्ता, जिला केशवपुरम, भाजपा) ने परिवार सहित रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। जगदीप सिंह कोहली ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने जगदीप सिंह कोहली का भव्य स्वागत किया।




### क्या बोले जगदीप सिंह कोहली

इस विशेष मौके पर जगदीप सिंह कोहली ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। श्री कोहली ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का हिस्सा बना कर मन को शांति मिलती है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे जब आदर्श रसोई के कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला तो मैंने तुरंत हामी भर दी। मैं भी आदर्श रसोई की कार्यशैली से प्रभावित हूं कि हर रविवार साप्तिाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### सबके लिए प्रेरणास्त्रोत थे राकेश भारद्वाज जी: जगदीप सिंह कोहली

जगदीप सिंह कोहली ने कहा कि आदर्श रसोई की नींव श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने रखीं थी। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी सोच और विचार को उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज उनके साथी आदर्श रसोई के माध्यम से आगे बढ़ा रहे।

### परिवार सहित शामिल हुए जगदीप सिंह कोहली

भाजपा दिल्ली सिख सेल के प्रदेश सह संयोजक जगदीप सिंह कोहली ने अपने जन्मदिन को अन्न दान करके मनाया। आदर्श रसोई के माध्यम से श्री कोहली ने जरूरतमंदों में अन्नदान किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और सुपुत्र सिमरन कोहली भी मौजूद रहे। परिवारजनों ने भी अपने हाथों से अन्न दान किया।











